जबलपुर
गुरुवार, 29 मई 2025
■ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-2
■ वर्ष : 20, अंक : 28
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 39
न्यून.26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं : अनुमानित लागत लगभग 3,399 करोड़ रुपए

## रतलाम-नागदा तीसरी-चौथी लाइन और वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन को मंजूरी



'74 लाख मानव-दिवसों' का रोजगार मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, ताकि यात्रियों और वस्तुओं का निर्बाध एवं तेज परिवहन सुनिश्चित किया जा सके।

1- रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन

2. वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन

ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के चार जिलों को समाहित करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी।

मोदी सरकार के बड़े फैसले
किसानों को सौगात देते हुए एमएसपी में 50% की बढ़ोतरी की

# धान और कपास समेत 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया, ब्याज सहायता योजना जारी रखने का ऐलान

## कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोतरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया।

पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी




### सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता रहेगा

सरकार ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जबलपुर में संदिग्ध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट कैंपस में घूम रहे एक युवक को केंद्रीय सुरक्षा बल ने अभिरक्षा में लिया।



युवक की गतिविधियां संदिग्ध होने के कारण उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। अभिरक्षा में लिया गया युवक बांग्लादेशी है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। एएसपी आनंद कलादगी के अनुसार संदिग्ध युवक से पूछताछ जारी है।

### अभिनेता कमल हासन जाएंगे राज्यसभा


**नई दिल्ली।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन राज्यसभा में एंट्री करने जा रहे हैं। तमिलनाडु



सरकार की अगुवाई कर रही डीएमके ने हासन को उम्मीदवार बनाया है। तमिलनाडु में अगले महीने राज्यसभा का चुनाव होना है। डीएमके ने इसके लिए बुधवार को अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है।

### मिस वर्ल्डः नंदिनी गुप्ता की सेमीफाइनल में एंट्री

**हैदराबाद।** मोस्ट अवेटेड मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए मंच तैयार किया जा रहा है,



जो 31 मई को हैदराबाद के हाइटेक्स के नए हॉल 4 में होने वाला है। अब तक, 12 प्रतियोगियों ने फास्ट-ट्रैक इवेंट में टॉप 40 में अपनी जगह बना ली है। भारत को रीप्रजेंट करने वाली नंदिनी गुप्ता ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 'सीएम की पाठशाला'...छात्राओं से किया संवाद, सुनाई प्रेरक कहानियां

मप्र समेत पूरा देश मना रहा है देवी अहिल्याबाई का 300वां जन्म जयंती वर्ष

# दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों भरा, पर नहीं मानी हार

सीएम ने कहा कि देवी अहिल्या ने समान रूप से न्याय किया, वे एक अच्छी बेटी, अच्छी बहू, अच्छी पत्नी के साथ एक ममतामयी मां भी थी



**मुख्यमंत्री ने** छात्राओं के आल्हाद में सहभागी बनकर उनके साथ सेल्फी भी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। राष्ट्र का हित सर्वोपरि है। भारत देश में महिलाएं तब भी सशक्त थीं, जब उन्हें कम अधिकार थे और आज भी उतनी ही सशक्त हैं, जब उन्हें सर्वाधिकार प्राप्त हैं। महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और कौशल से न केवल शासन किया, अपितु प्रशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में एक आदर्श प्रस्तुत किया। देवी अहिल्या ने सबके साथ समान रूप से न्याय किया। वे एक अच्छी बेटी, अच्छी बहू, अच्छी पत्नी के साथ एक ममतामयी मां भी थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्राओं से आत्मीय संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई दोनों का जीवन आसान नहीं था, इनके जीवन में नाना प्रकार के संघर्ष थे, अवरोध थे, कठिनाइयां थीं दुश्वारियां थीं। फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सारी कठिनाइयों से लड़कर और जूझकर उन्होंने अपना मुकाम हासिल किया।

कार्यक्रम में बेटियों ने मुख्यमंत्री से प्रश्न भी पूछे

### अपने बेटे से बढ़कर देवी अहिल्याबाई को सत्ता के सूत्र सौंपे

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्याबाई को न केवल उनके माता-पिता ने वरन उनके सास-ससुर ने भी अपनी बेटी की तरह पाला था। अपने बेटे से बढ़कर देवी अहिल्याबाई को सत्ता के सूत्र सौंपे, शासन चलाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने तत्कालीन महिलाओं को सशक्त बनाते हुए महेश्वरी साड़ी बनाने में कुशल बनाया। महेश्वरी साड़ियां हमें देवी अहिल्याबाई की सौगात है। अहिल्याबाई ने अपनी सास गोतमाबाई से प्राप्त खासगी की रकम से कई मंदिर और घाट बनवाए। देवी अहिल्याबाई ने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया। उन्होंने देश को सिखाया कि मंदिर और तीर्थयात्रा सिर्फ पूजा के लिए नहीं होते, इससे पर्यटन बढ़ता है। पर्यटन व देशाटन से आंतरिक संबंध बनते हैं, इससे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा मिलता है।

### बेटियों के नवाचारों की मुक्तकंठ से सराहना की

मुख्यमंत्री ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 'होलिस्टिक अपस्किलिंग नारी शक्ति प्रोजेक्ट' के तहत छात्राओं की ओर से चीनी मिट्टी से तैयार किए गए नए-नए घरेलू उत्पाद, लाइट लैंप, डिजाइनर मिरर, फेब्रिक, डिजाइनर कुर्ते-कुर्ती और अन्य प्रादर्शों का अवलोकन किया। बेटियों के नवाचारों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी, कॉलेज के प्राचार्य राव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी व कॉलेज के अध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### दोनों लोकमाताओं ने देश को शासन व्यवस्था की एक नई परिभाषा सिखाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अकबर की सेना के साथ लड़ाई की। अंततः खुद को न्यौछावर कर दिया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि महारानी दुर्गावती ने जबलपुर में आधारताल, मदन महल बनवाया। ऐसी जल संरचनाएं बनवाईं कि एक तालाब भरने के बाद अगला तालाब, उसके बाद उसके अगले तालाब में जल संरक्षण होता रहा। इससे प्रजा को जल संचयन की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि तकनीक के मामले में तब के शासक भी अग्रणी थे। हमें इस बात का गर्व है कि वे मध्यप्रदेश की महारानी थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के बारे में छात्राओं को बताया कि उन्होंने अपने करीब 28 साल के शासन में देश को शासन व्यवस्था की एक नई परिभाषा सिखाई। उन्होंने जगह-जगह मंदिर बनवाए, घाट बनवाए, यात्रियों के लिए सराय (विश्राम गृह), अन्न क्षेत्र, तीर्थ क्षेत्र बनवाए। महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम करते हुए देवी अहिल्याबाई ने विधवा विवाह कराए।

मंत्री विजय शाह की गिरफ्तारी पर 'सुप्रीम' रोक बढ़ी

# अब हाईकोर्ट की जगह शीर्ष कोर्ट में ही सुना जाएगा केस

» एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की स्टेटस रिपोर्ट

» जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी अब सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह को दी गई राहत बढ़ा दी है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट में कार्यवाही बंद करने को कहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट खुद मामले पर सुनवाई कर रहा है। दरअसल, विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी। मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसे लेकर विजय शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, जहां कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट में समानांतर कार्यवाही चल रही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि अब मामला उसके संज्ञान में है, इसलिए उच्च न्यायालय में चल रही कार्यवाही बंद हो गई है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शाह की गिरफ्तारी पर रोक के अपने अंतरिम आदेश को आगे बढ़ा दिया।

### एसआईटी रिपोर्ट पर किया गौर

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी द्वारा प्रस्तुत स्थिति रिपोर्ट पर गौर किया। तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई थी। 21 मई को जांच शुरू हुई थी। एसआईटी रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिक दस्तावेज एकत्र किए गए हैं। गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शीर्ष अदालत के पिछले आदेश के अनुपालन में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से स्थिति रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने कहा कि एसआईटी ने कुछ उपकरण जब्त कर लिए हैं और अपनी जांच शुरू कर दी है।

हरसंभव मदद का दिया भरोसा

## खंडवा गैंगरेप केस की पीड़िता के परिवार से राहुल गांधी ने की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

यहां आदिवासी महिला से गैंगरेप और फिर उसकी हत्या के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार से बात की है। उन्होंने मृतक महिला के बेटे से घटना के बारे में जानकारी ली। बुधवार को झाबुआ से विधायक और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

■ विधायक भूरिया से कहा इन्हें सपोर्ट करें



विक्रांत भूरिया खंडवा में पीड़ित परिवार से मिलने उनके गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने मोबाइल पर पीड़ित परिवार के सदस्य से राहुल गांधी की बात कराई। राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

नील मोहन छोड़ना चाहते थे गूगल

## कंपनी ने 830 करोड़ रुपए देकर रोक लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नील मोहन 2007 में गूगल द्वारा डबल क्लिक के अधिग्रहण के बाद कंपनी में शामिल हुए थे। उन्होंने न केवल गूगल के विज्ञापन कारोबार को मजबूत किया, बल्कि बाद में यूट्यूब के विकास में भी बड़ी भूमिका निभाई। उनकी तेज रणनीतिक सोच और प्रोडक्ट विजन के कारण गूगल उन्हें खोना

■ उन्होंने गूगल व यूट्यूब को खड़ा किया



नहीं चाहता था। हाल ही में एक पॉडकास्ट में आंत्रप्रेन्योर निखिल कामत से बातचीत के दौरान यह खुलासा हुआ कि साल 2011 में ट्विटर (अब एक्स) नील मोहन को अपना चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर बनाना चाहता था।

मणिपुर में सरकार गठन की कवायद

## एनडीए का 44 विधायकों के समर्थन का दावा, अब राज्यपाल लेंगे फैसला

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में सरकार गठन की कवायदों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। भाजपा नीत एनडीए के 10 विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए बुधवार को इंफाल में राजभवन पहुंचे। भाजपा के आठ, एनपीपी के एक और एक निर्दलीय विधायक ने राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की।



- केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया था
- 9 फरवरी को मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने दिया था इस्तीफा
- राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है

### 21 विधायकों ने शाह को लिखा था पत्र

*इससे पहले 21 विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर पूर्वोत्तर राज्य में शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए लोकप्रिय सरकार बनाने का आग्रह किया गया था। पत्र पर भाजपा के 13, एनपीपी-नगा पीपुल्स फ्रंट के तीन-तीन और विधानसभा के दो स्वतंत्र सदस्यों के हस्ताक्षर थे।*

भोपाल और आस पास हुई है पूरी शूटिंग

## 'कान्स अन सर्टेन रिगार्ड' सेक्शन में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म बनी 'होमबाउंड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश, एक बार फिर विश्व सिनेमा के पटल पर छाया हुआ है। 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में मध्य प्रदेश में शूट हुई और नीरज घेवान द्वारा निर्देशित फीचर फिल्म 'होमबाउंड' को सराहना मिली है। फिल्म का कान्स अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में प्रीमियर शो कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान किया गया। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जो इस प्रतिष्ठित सेक्शन में चुनी गई है।

प्रशंसा में 9 मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाकर दिया सम्मान



### मप्र में 350 फिल्मों और वेबसीरीज की हो चुकी शूटिंग

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों के साथ-साथ कलाकारों और दर्शकों द्वारा फिल्म की प्रशंसा करते हुए 9 मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाते हुए सम्मान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, ऑस्कर विजेता, अमेरिकन फिल्म मेकर डायरेक्टर मार्टिन स्कॉर्सेस के इस फिल्म से जुड़ने से इसकी अंतर्राष्ट्रीय साख मजबूत हुई है।

प्रदेश में आंधी-बारिश से केले की फसल बर्बाद, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने प्रभावित 12 गांवों का किया दौरा

प्रदेश में जारी रहेंगी औसत बारिश की गतिविधियां

## छत्तीसगढ़ पहुंचा मानसून, मध्यप्रदेश में ऑनसेट में अभी और लगेगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को दक्षिण पश्चिमी मानसून ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है, लेकिन मध्य प्रदेश में ऑनसेट में समय लगेगा। मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, दंतेवाड़ा, रायगढ़, अगरतला से होकर गुजर रही है। इससे मप्र के लगे हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। बुधवार को कई जिलों में पारा तेजी से गिरा। पश्चिमी मप्र में 3 से 4 डिग्री तक कमी आई, जबकि पूर्वी प्रदेश में औसत एक डिग्री तक घट बढ़ रही। भोपाल में पारा 4.4 डिग्री गिरकर 35.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम है।

### बालाघाट, सिवनी व मंडला में भी नुकसान



विधायक चिटनिस प्रभावित गांवों का जायजा लेते हुए

दो दिन से जारी बारिश-आंधी से प्रदेश के महाराष्ट्र से लगे इलाकों के साथ ही बालाघाट, मंडला, सिवनी सहित अन्य हिस्सों में खेतों में खड़ी केले की फसल को काफी नुकसान होने की खबर है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। 27 मई शाम को बुरहानपुर में आए आंधी-तूफान से 12 से अधिक गांवों में केले की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

### 30 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट

बुधवार को इंदौर, उज्जैन, खरगोन, राजगढ़, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और धार समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हुई। गुरुवार तक 30 से अधिक जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें राजगढ़, विदिशा, गुना, अशोकनगर, रतलाम, मंदसौर, आगर-मालवा, शाजापुर, भोपाल, रायसेन, सीहोर, देवास, नरसिंहपुर, सागर, पांढुर्णा, गुना, नीमच, इंदौर, धार, छिंदवाड़ा, सागर, बालाघाट, नर्मदापुरम, मंडला और जबलपुर में आंधी बारिश का दौर चल सकता है।

**खबर संक्षेप**

### थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ताः उदितराज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बुधवार को एक्स पर किए गए एक पोस्ट को रिपोस्ट कर शशि थरूर को टैग किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि काश मैं प्रधानमंत्री मोदी को मना सकता कि वे आपको भाजपा का सुपर प्रवक्ता घोषित कर दें, यहां तक कि भारत आने से पहले ही विदेश मंत्री घोषित कर दें। यह तंज दिन पर चर्चित रहा।

### असम में 171 फर्जी एनकाउंटर का आरोप



**नई दिल्ली।** असम में 171 फर्जी एनकाउंटर किलिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार आयोग को निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट आरिफ यासिन जवाद्दर की याचिका पर यह आदेश दिया है। आरिफ यासिन ने गौहाटी हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, स्वतंत्र जांच की मांग की।


### आदिवासियों को शस्त्र लाइसेंस देगी सरकार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि सरकार (सुरक्षा की दृष्टि से) संवदेनशील और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी लोगों को शस्त्र लाइसेंस देगी ताकि उनमें सुरक्षा की भावना पैदा हो। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, असम एक बहुत ही अलग और संवेदनशील राज्य है। कुछ क्षेत्रों में रहने वाले असमिया लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ।

## केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक में ज्यादा बढ़ रहे मरीज

# देश में कोरोना के मामले 1200 पार, भले ही केस बढ़ रहे हैं लेकिन पैनिक होने की जरूरत नहीं



*जानकारों को मानना है कि ये वेरियंट ज्यादा खतरनाक नहीं है इसलिए इससे डरने या पैनिक होने की जरूरत नहीं है*

- *जेएन.1 वेरियंट ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है*
- *नया वेरिएंट जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। देश में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या 1200 से ज्यादा पहुंच चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। इस राज्य में कोरोना के 430 मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में 208 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। दिल्ली और कर्नाटक में भी कोरोना के 100 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। बात करें पिछले 24 घंटों की तो बिहार में 6 कोरोना के केस सामने आए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। कोरोना के बढ़ते मामले की सबसे बड़ी वजह जेएन.1 वेरियंट है। यह ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है। पंजाब के चंडीगढ़ में कोविड-19 संक्रमण से पहली मौत का मामला सामने आया है। सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच-32) में भर्ती लुधियाना निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मरीज को चार दिन पहले सांस लेने में परेशानी के चलते अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जब कोविड टेस्टिंग की तो वो पॉजीटिव पाए गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट किया गया था। जेएन.1 वेरिएंट की सबसे बड़ी परेशानी है कि यह लोगों के बीच काफी जल्दी फैलता है। इसमें एक्स्ट्रा म्यूटेशन है,जो कोशिकाओं में प्रवेश करने और इम्यून को कमजोर करता है। कई डॉक्टरों का मानना है कि जेएन.1 वेरिएंट इतने खतरनाक नहीं है और लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है।

### पंजाब में कोविड की वजह से एक व्यक्ति की मौत

**गंभीर नहीं हैं मामले**

कोविड के नए वेरिएंट को लेकर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि अभी तक जो मामले मिले हैं, वे ज्यादा गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'भारत में कोविड-19 संक्रमण बढ़ रहा है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि ये गंभीर नहीं हैं। हम इस पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।'



### *अस्पतालों में तैयार किए जा रहे हैं कोविड वार्ड*

देश के कई राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद अस्पतालों में कोविड-19 रोगियों के लिए वार्ड तैयार किए जा रहे हैं। दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, सभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।

### जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा

जेएन.1 ओमिक्रॉन के बीए.2.86 का एक स्ट्रेन है। इस पिरोला भी कहा जाता है। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स है, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। कोरोना के बढ़ते नए मामलों पर एम्स के पूर्व डॉयरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा, कोरोना वायरस का नया वेरिएंट जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इस वेरिएंट में कुछ म्यूटेशन है, जिस वजह से ये ज्यादा इंफेक्शन करता है। उन्होंने कहा कि ओमिक्रॉन की वजह से ज्यादा लोगों को इन्फेक्शन हुआ था। हमारे शरीर में इम्यूनिटी है, लेकिन वेरिएंट खुद में बदलाव करते हैं। इस वजह से इन्फेक्शन बीच-बीच में बढ़ जाता है।

## कर्जः परिवार के चार लोगों ने दी जान

# साड़ियों का फंदा बनाया, एक के बाद एक झूले फांसी पर!



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

- घर के लिए कर्ज लिया बेटे का एक्सीडेंट हुआ फिर तंगी में फंसा परिवार

हरियाणा के पंचकूला के एक ही परिवार के 7 लोगों ने की आत्महत्या का मामले लोग नहीं भूल पाए थे और केरल के वक्कम शहर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के चार सदस्य अपने घर में फांसी पर लटके पाए गए। मरने वालों में पिता, माता और उनके दो बेटे शामिल हैं। पुलिस को शक है कि यह आत्महत्या का मामला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शायद इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। जिन लोगों ने घर में अंदर जाकर देखा तो चारों के चारों साड़ी के अलग अलग फंदो पर लटके हुए थे। हो सकता है कि एक के बाद एक फांसी पर झूले हों। वहां भी एक ही परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान अनिल कुमार (55 वर्ष), उनकी पत्नी शीजा (50 वर्ष), और उनके बेटे अश्विन (25 वर्ष) और आकाश (22 वर्ष) के रूप में हुई है। वार्ड सदस्य संथम्मा एस के अनुसार, शीजा अक्सर परिवार के बढ़ते कर्ज के बारे में बात करती थी। कुछ साल पहले उन्होंने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से घर खरीदने के लिए बड़ा होम लोन लिया था। इसके बाद उनकी आर्थिक परेशानी शुरू हुई।

### हालात बिगड़ते गए

संथम्मा ने बताया कि 2019 में अश्विन एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे कई फ्रैक्चर हुए थे। वह छह महीने तक अस्पताल में रहा। इससे परिवार का खर्चा और बढ़ गया और वे और भी ज्यादा कर्ज में डूब गए। पड़ोसियों ने परिवार को आखिरी बार सोमवार शाम 5 बजे के आसपास देखा था। मंगलवार सुबह 10 बजे तक घर बंद था। एक पड़ोसी ने देखा कि घर का दरवाजा खुला है। अंदर जाकर देखा तो चारों लोग हॉल में साड़ियों से फांसी पर लटके हुए थे।

**प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर साझा किया**

## सिंधिया ने देश के 30 ट्रिलियन डॉलर के विजन पर लिखा विस्तृत लेख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केन्द्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा लिखा गया एक लेख साझा किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र 2047 तक देश के 'विकसित भारत' सपने के अनुरूप 30 ट्रिलियन डॉलर विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर कहा, पूर्वोत्तर भारत अब सीमांत क्षेत्र नहीं रहा, बल्कि अग्रणी क्षेत्र बन गया है। दरअसल, प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने व्यापार, कनेक्टिविटी पर प्रकाश डाला। के लिए रणनीतिक केंद्र के रूप में इस क्षेत्र के उदय और विकसित भारत के लिए देश के 30 ट्रिलियन डॉलर के विजन पर एक विस्तृत लेख लिखा है। इस लेख पर एक नजर डालें।








# 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनाएगा भारत, चुनिंदा देशों में होगा शामिल, बढ़ेगी सैन्य ताकत, आसमान में साबित होगा गेम चेंजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को विकसित करने के कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले पिछले साल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनते ही हम उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएंगे, जिनके पास वायुसेना में दुनिया की सबसे आधुनिक तकनीक के फाइटर जेट मौजूद हैं। ये विमान 21वीं सदी में सबसे आधुनिक फाइटर जेट्स हैं। ये अपने कमांड, नियंत्रण और संचार क्षमताओं की वजह से उन्नत हैं, जिनमें सभी कंट्रोल्स पायलट के इशारों पर मौजूद होते हैं।

### एडीए को सौंपी गई है जिम्मेदारी

डीआरडीओ की एयरोनॉटिक्स डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को दुनिया के अन्य इसी वर्ग के एयरक्राफ्ट्स से बेहतर बनाने की कोशिश में है। स्वेदशी इंजन का निर्माण डीआरडीओ करेगा। सहयोग के लिए भारत फिलहाल फ्रांस की साफरान एसए से बातचीत कर रहा है। यह कंपनी दुनिया में एयरक्राफ्ट इंजन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। अपने इस कदम के जरिए भारत आने वाले समय में खुद से ही लड़ाकू विमानों के इंजन बना सकेगा।

## खबर संक्षेप

### राणा की याचिका पर एनआईए से सवाल

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की



परिवार से बातचीत करने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत ने नोटिस जारी कर एनआईए से याचिका पर जवाब मांगा है। जेल प्रशासन को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई चार जून के लिए सूचीबद्ध की है।

### पाक से सटे चार राज्यों में आज होगी मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल



होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी।

### पाक नेता अल्ताफ ने पीएम मोदी से लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के निर्वासित नेता और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के फाउंडर



अल्ताफ हुसैन ने पीएम नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। हुसैन ने पीएम मोदी से अनुरोध किया है कि वह बंटवारे के बाद भारत से आकर पाकिस्तान में बसे उर्दू बोलने वाले शरणार्थियों यानी मुजाहिरों के उत्पीड़न का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मचों पर उठाएं। उन्होंने यह अपील लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने बलोच लोगों का समर्थन करने के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की और इसे साहसी व सराहनीय कदम बताया।

### नाव पलटने से 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के कैनरी द्वीप समूह के बंदरगाह पर पहुंचते समय प्रवासियों को ले जा रही एक



छोटी नाव के पलट जाने से चार महिलाओं और तीन किशोरियों की मौत हो गई। आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। आपातकालीन सेवा के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब नाव एल हिएरो द्वीप के पास पलट गई। स्थानीय मीडिया में आई खबर के अनुसार, छोटी नाव में 100 से ज्यादा लोग सवार थे। बचावकर्मियों ने अभियान चलाकर लोगों को पानी से बाहर निकाला।

---

**ऑपरेशन सिंदूर:** भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कई देशों के सरकारी अधिकारियों से की मुलाकात

# इंडोनेशिया और पनामा ने आतंकवाद को 'बर्दाश्त न करने' की नीति का दिया साथ

**पहलगाम आतंकी हमला 'भारत की आत्मा पर हमला'**

**भारत ऐसा देश है जिसने कभी युद्ध की पहल नहीं की**

*इंडोनेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने अंतर-संसदीय सहयोग समिति के उपाध्यक्ष मुहम्मद हुसैन फदलुल्लाह और इंडोनेशिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष मुहम्मद रोफिकी से मुलाकात की तथा उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिबद्धता के बारे में जागरूक किया*

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशियाई अधिकारियों ने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की भारत की नीति का बुधवार को समर्थन किया। जद (यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत की कूटनीतिक पहुंच के हिस्से के रूप में प्रतिनिधिमंडल बुधवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने अंतर-संसदीय सहयोग समिति के उपाध्यक्ष मुहम्मद हुसैन फदलुल्लाह और इंडोनेशिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष मुहम्मद रोफिकी से मुलाकात की तथा उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिबद्धता के बारे में जागरूक किया।

इसके बाद इंडोनेशियाई पक्ष ने कहा कि वे आतंकवाद की निंदा करते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत में विश्वास करते हैं, न कि आतंकवाद में, क्योंकि यह मानवता के विरुद्ध है। उन्होंने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त न करने' की भारत की नीति का समर्थन किया। झा के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में सांसद अपराजिता सारंगी (भाजपा), अभिषेक बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस), बृजलाल (भाजपा), जॉन ब्रिटास (माकपा), प्रदान बरुआ (भाजपा), हेमांग जोशी (भाजपा), पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और फ्रांस तथा बहरीन में भारत के राजदूत रह चुके मोहन कुमार शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।



### पनामा ने 'आतंक के खिलाफ युद्ध' में समर्थन का आश्वासन दिया

पनामा सिटी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां नेशनल



असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा से मुलाकात की और आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' के मजबूत संदेश से अवगत कराया। इस दौरान पनामा ने भारत को 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध' के लिए अपने समर्थन का आश्वासन दिया। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मध्य अमेरिकी देश पहुंचा। बुधवार की सुबह 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने कास्टानेडा से मुलाकात की, जिनके साथ संसद के वरिष्ठ सदस्य एडविन वर्गारा और जूलियो डे ला गार्डिया भी थे। उन्हें हमारे मिशन के बारे में बताया तथा आतंकवाद के खिलाफ भारत के युद्ध को समझने और समर्थन देने का मजबूत आश्वासन प्राप्त किया। थरूर ने कहा कि जब मैंने उन्हें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के स्थान से एक कश्मीरी शॉल भेंट की, तो अध्यक्ष ने भी एक योद्धा रूपी प्रतीक चिह्न भेंट किया तथा भारत से दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने का आग्रह किया।

**सांसद सुले ने किया नेतृत्व**

### द. अफ्रीका ने आतंकवाद पर भारत के रुख की सराहना की



जोहानिसबर्ग। राकांपा-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में मंगलवार शाम जोहानिसबर्ग पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने यहां 350 से अधिक प्रवासियों और स्थानीय भारतीयों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी साझा की तथा उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी ब्योरा दिया। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताया। सुले ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना ने दुनिया भर में हर भारतीय को झकझोर दिया है। मुझे खुशी है कि दक्षिण अफ्रीका भारत के साथ खड़ा है। दक्षिण अफ्रीका 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की निंदा करने वाले पहले देशों में से एक था। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला 'भारत की आत्मा पर हमला' था। इसलिए, दुनिया को सच बताना होगा कि हम आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

---

**भारत-अमेरिका के बीच बनी सहमति**

# 25 जून तक हो सकता है अंतरिम व्यापार समझौता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच 25 जून तक एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इसके लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए अगले महीने भारत आ सकता है। दोनों देश 25 जून तक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो जाएंगे। बातचीत सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ रही है। इस बीच, भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह अपनी चार दिवसीय वाशिंगटन यात्रा पूरी की। उन्होंने प्रस्तावित समझौते पर अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत की। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी यूएस गए थे।

### 9 जुलाई को खत्म होगी समयसीमा

*अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत टैरिफ पर 9 जुलाई को खत्म होने वाली रोक से पहले दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते यानी बीटीए पर अंतरिम सहमति बनाना चाहते हैं। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत पर 26 प्रतिशत रेसीप्रोकल टैरिफ लगाया था लेकिन इसे 9 जुलाई तक निलंबित कर दिया। हालांकि भारतीय सामान पर अब भी अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल टैरिफ लागू है। अंतरिम व्यापार समझौते में, भारत घरेलू वस्तुओं पर 26 प्रतिशत रेसीप्रोकल टैरिफ से पूरी छूट देने का दबाव बना रहा है। दोनों देशों ने प्रस्तावित बीटीए के पहले फेज को पूरा करने की इस साल सितंबर से अक्टूबर तक की टाइम लिमिट तय की है।*

### अमेरिका भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर

अमेरिका लगातार चौथे वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा बिजनेस पार्टनर बना रहा। दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और देश के कुल व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही। अमेरिका के साथ भारत का साल 2024-25 में वस्तुओं के मामले में व्यापार अधिशेष यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर 41.18 अरब अमेरिकी डॉलर था। दोनों का साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

---

**डब्ल्यूएईएफ की रिपोर्ट में दावा**

# भारत 25-26 में दक्षिण एशिया के विकास का मुख्य इंजन बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत 2025 और 2026 में विकास का मुख्य इंजन बनने के लिए तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक राष्ट्रवाद, टैरिफ की अस्थिरता लगातार अनिश्चितता को बढ़ावा दे रही है। इसके कारण वैश्विक आर्थिक सुधार और विकास नकारात्मकता की ओर बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया, आर्थिक विस्तार को लेकर सबसे अधिक आशावादी है। 86% अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि इस साल दक्षिण एशिया में कम से कम मध्यम वृद्धि होगी, जिसमें भारत की विकास गति में वृद्धि होगी।



### आईएमएफ को 6.2% जीडीपी का अनुमान

रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत विकास का प्राथमिक इंजन बनने के लिए तैयार है। आईएमएफ ने भी भारत की 2025 के लिए 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत जीडीपी विस्तार का अनुमान लगाया है। हालांकि चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ पर वार्ता के बाद 90 दिनों की बनी सहमति के बाद भारत के आर्थिक विकास की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है।

---

**नीति आयोग ने तुर्किए की प्रशंसा की**

# कहा- हमें उससे सीखने की जरूरत छोटे उद्यमों से विकास को आगे बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाक तनाव के बीच दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ देने वाले इस्लामिक मुल्क तुर्किय की नीति आयोग की एक रिपोर्ट में तारीफ की गई है। रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि भारत को अपने कौशल विकास के लिए तुर्किए से सीखना चाहिए और खासकर छोटे और मझोले उद्यमों को अपने विकास का रास्ता तुर्किए के रोडमैप के हिसाब से तय करना चाहिए। मध्यम उद्यमों को सफल बनाने के लिए कौशल विकास के लिए एक अनुकूल, डेटा-ड्रिवन नजरिये की जरूरत है जो उद्योग की जरूरतों के हिसाब से मेल खाने के साथ प्रतिस्पर्धी, कुशल कार्यबल सुनिश्चित कर सके।



### तुर्किए उद्यमिता पर ट्रेनिंग देता है

रिपोर्ट में कहा गया कि तुर्किए का कोसजेब संगठन उद्यमिता पर डिस्टेंस ट्रेनिंग देता है। यह ई-एकेडमिक कार्यक्रम के जरिए समय और स्थान की बाधाओं के बिना एक प्रभावी और आसान उद्यमिता ट्रेनिंग देता है। साथ ही महिलाओं, युवाओं और दिव्यांग उद्यमियों के लिए तरजीही उपचार का भी प्रावधान करता है। ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम सब्सिडी दर पर और निःशुल्क मुहैया कराए जा सकते हैं।

---

# महिलाओं को ड्राइविंग और डिप्लोमेट को पीने की आजादी, प्रिंस ने उठाए क्रांतिकारी कदम

*सऊदी को आधुनिक बनाने की राह पर क्राउन प्रिंस सलमान*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी एक ऐसा देश जो लंबे समय तक अपनी रूढ़िवादी परंपराओं और सख्त इस्लामी नियमों के लिए जाना जाता था। लेकिन सऊदी के शासक क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अपने देश की अर्थव्यवस्था में विविधता लाने और सऊदी इकोनॉमी को तेल पर कम निर्भर बनाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पर्यटकों और अंतरराष्ट्रीय व्यवसायों को आकर्षित करने के लिए कई प्रतिबंधों में ढील दी है। यहां ठंडे रेगिस्तान में रात को होने वाले नृत्य कार्यक्रम, फैशन शो या फिर मॉडलों की रैंप वॉकिंग होने लगी है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के पांच क्रांति वाले कदम जिसका उद्देश्य सऊदी समाज को आधुनिकता की धारा में ले जाना है।इन फैसलों ने सऊदी अरब को दुनिया की नजरों में एक नए रूप में पेश किया है।

### महिलाओं को दी आजादी



सऊदी अरब में महिलाओं के लिए ड्राइविंग एक सपना था, जिसे जून 2018 में हकीकत में बदला गया। प्रिंस सलमान ने महिलाओं पर लगे दशकों पुराने ड्राइविंग प्रतिबंध को हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया। आज सऊदी की सड़कों पर महिलाएं फर्राटा भरती नजर आतीं हैं। सऊदी अरब में पदस्थ गैर मुस्लिम राजनयिक अब यहां पर पी सकते हैं। जनवरी 2024 में रियाद में पहला सरकारी दुकान खुली।

### मनोरंजन और सांस्कृतिक क्रांति

प्रिंस सलमान ने सऊदी अरब को मनोरंजन और पर्यटन का ग्लोबल हब बनाने का फैसला किया है। सऊदी अरब में पहले सिनेमा, संगीत समारोह, और सांस्कृतिक आयोजन लगभग बंद थे। लेकिन एमबीएस के विजन 2030 के तहत देश में सिनेमाघर खोले गए, अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह आयोजित हुए। विजन 2030, जिसका लक्ष्य सऊदी अरब की तेल-आधारित अर्थव्यवस्था को विविधतापूर्ण बनाना है।

---

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद तैयार है सीआरपीएफ की 47 बटालियन**

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर इस बार होगी अचूक किलेबंदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर फोकस कर दिया है। देश का सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ', जो लंबे समय से अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है, इस बार भी सीआरपीएफ द्वारा अमरनाथ यात्रा के रूट पर अचूक किलेबंदी की जाएगी। इसके लिए डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ घाटी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने घाटी में तैनात सीआरपीएफ की 47 बटालियनों के रेंज डीआईजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक चली कॉन्फ्रेंस में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर बातचीत की है। सूत्रों का कहना है कि इस बार सुरक्षा बलों का विशेष फोकस फिदायीन अटैक और आईईडी 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) के हमलों को रोकना है। इस साल 29 जून से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ होगी।

**यात्रा के दौरान जवानों की तैनाती 14 से 16 घंटे तक होगी**

**'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त करेगी**

### सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी



*अमरनाथ यात्रा के रूट पर श्रद्धालुओं को अचूक सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'सीआरपीएफ' ने कमर कस ली है। जिन मार्गों से अमरनाथ यात्रा गुजरेगी, वहां की अचूक किलेबंदी की जाएगी। सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं पहुंचने देगी। उक्त दूरी पर पर्याप्त संख्या में जवान मौजूद रहेंगे। भले ही सरकारी कर्मियों के लिए रोजाना आठ घंटे की ड्यूटी तय होती है, लेकिन सीआरपीएफ के जवान, अमरनाथ यात्रा के दौरान 14 से 16 घंटे तक तैनात रहते हैं। यात्रा रूट पर श्रद्धालुओं के काफिले पूरी तरह महफूज रहेंगे। इन्हें बल के वाहन एस्कॉर्ट करेंगे। रास्ते में कोई खतरा न हो, इसके लिए सीआरपीएफ की 'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त पर रहेगी।*

### रूट पर ड्रोन से निगरानी रखेंगे

यात्रा के दौरान लगभग एक किलोमीटर के अंतराल पर रूट को सेनेटाइज किया जाएगा। यानी इतनी दूरी पर सीआरपीएफ का एक मोर्चा रहेगा। मोर्चों की इतनी कम दूरी इसलिए रखी गई है कि किसी दूसरे मोर्चे पर कोई घटना हो तो पहले मोर्चे से बिना कोई देरी किए जवान, वहां पहुंच सकते हैं। जवानों द्वारा खुद ही अपने मोर्चे तैयार किए जाएंगे। यात्रा रूट पर पर्याप्त संख्या में 'आरओपी' तैनात रहेंगी। यात्रियों को फुलप्रूफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए रूट पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे।

---

**न कॉल, न मैसेज, सब ठप**

# ईरान में रहस्यमय ढंग से गायब हुए तीन भारतीय, परिवारों में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में तीन भारतीय नागरिक रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं। यह मामला सामने आते ही भारत में उनके परिवारों की चिंता बढ़ गई है। वहीं तेहरान स्थित भारतीय दूतावास भी इस मामले में एक्शन मोड में आ गया है। भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि तीन भारतीयों के परिवारों ने शिकायत की है कि उनके परिजन ईरान जाने के बाद अचानक संपर्क से बाहर हो गए हैं। न कॉल, न मैसेज मानो सबकुछ ठप हो गया हो। दूतावास ने ईरानी अधिकारियों से तत्काल संपर्क साधा है और खोजबीन जारी है।



### पीड़ित परिवारों के संपर्क में है दूतावास

दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि हमने ईरानी अधिकारियों से इस मुद्दे को दृढ़ता से उठाया है और उनसे अपील की है कि लापता भारतीयों को जल्द से जल्द खोजा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। फिलहाल लापता हुए तीनों भारतीयों की पहचान को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, रिक्त पद भी भरेंगे, निकाल रहे हैं पदोन्नति का रास्ता भी

**तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री**



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कर्मचारी पूरी निष्ठा और मेहनत से अपने पदीय दायित्व निभाएं, इनके सभी हितों और अनुलाभों का सरकार पूरा-पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी रिक्त पदों को क्रमशः भरने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जल्दी ही सभी रिक्त पद भरे जाएंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि सभी पक्षों के साथ चर्चा कर शासकीय सेवकों को पदोन्नति देने के लिए राज्य सरकार पूरी गंभीरता से सभी जरूरी कदम उठा रही है। जल्द ही मामले का सकारात्मक समाधान निकालकर पात्रों को पदोन्नति दी जाएगी। डॉ. यादव मंत्रालय में मंत्रालयीन कर्मचारी परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कमल पुष्प की रजत प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया।

**मंत्रालयीन कर्मचारियों ने किया सीएम का सम्मान**



### कर्मचारियों का बीमा कराएगी सरकार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी राज्य कर्मचारियों का बीमा कराने की मंशा से आगे बढ़ रही है। सरकार चाहती है कि सभी राज्य कर्मियों के खुद के मकान हों। राज्य कर्मियों को बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में सरकार मदद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कर्मचारी-अधिकारी की क्षमता और योग्यता का पूरा लाभ लेंगे और प्रदेश की बेहतरी के लिए उसका सदुपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यकर्मी शासन व्यवस्था का अभिन्न अंग है, इसलिए इनके हित संवर्धन के लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में प्रदेश का हित है और प्रदेश के हित में ही राष्ट्र का हित है।*

### आभार व्यक्त कर सौंपा मांग-पत्र

*कार्यक्रम के संयोजक सुभाष वर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन देकर केन्द्र सरकार के समान राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता व अन्य सभी कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार जताया और अपना मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री मंत्रालय परिवार द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए। डॉ. यादव ने तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया और यात्रा को उसके गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, विधायक भगवानदास सबनानी सहित मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी संघों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।*

## खबर संक्षेप

### जस्टिस विवेक कुमार सिंह मद्रास से मप्र हाईकोर्ट स्थानांतरित

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मद्रास हाईकोर्ट में पदस्थ जस्टिस विवेक कुमार सिंह को मप्र हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की अनुशंसा की है। फिलहाल मप्र हाईकोर्ट में 32 जज हैं। जस्टिस डी रमना को आधिकारिक विदाई दी जा चुकी है। 2 जून को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद 31 जज ही रह जाएंगे। गत दिवस ही मप्र हाईकोर्ट में तीन नए जज नियुक्त किए गए हैं। इस तरह जस्टिस विवेक कुमार सिंह के आने के बाद मप्र हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 35 हो जाएगी। उधर, मप्र हाईकोर्ट से तेलंगाना हाईकोर्ट गए जस्टिस सुजय पॉल का तबादला कलकत्ता हाईकोर्ट किया गया है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस विवेक सिंह ने 1993 में अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा से विधि स्नातक की शिक्षा ली। इसके बाद वे इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे। 22 सितंबर 2017 को वे इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज बने। 6 सितंबर 2019 को उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थायी जज की शपथ ली। 23 नवम्बर 2023 के उन्हें मद्रास हाईकोर्ट स्थानांतरित किया गया था।

### पांच जून को हड़ताल करेंगे अंशकालीन और दैवेभो कर्मचारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति जनजातियां कार्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारी की पांच सूत्री प्रमुख मांगों की समर्थन में पांच जून को काम बंद हड़ताल करके मुख्यालय पर धरना देंगे। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि जनजातियां कार्य विभाग के स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने, अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर10 लाख की ग्रेजुटी का भुगतान करने आदि मांगों के समर्थन में यह हड़ताल की जाएगी।

### बस्तर जिला नक्सलवाद के साये से मुक्त, जनजीवन सामान्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला अब नक्सलवाद के साये से मुक्त हो चुका है। यह खबर पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बस्तर को लेफ्ट विंग एक्सट्रिमिज्म प्रभावित जिलों की सूची से बाहर कर दिया है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष से बस्तर को एलडब्ल्यूई के तहत मिलने वाली केंद्रीय सहायता बंद कर दी गई है। बस्तर के कलेक्टर हरीश एस. ने बताया कि अब जिला एलडब्ल्यूई की सूची से हटकर एक लेगसी डिस्ट्रिक्ट के रूप में स्थापित हो चुका है। इसका मतलब है कि बस्तर अब विकास और शांति की नई राह पर बढ़ रहा है। पहले बस्तर जिले को नक्सल उन्मूलन और विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार से करोड़ों रुपए का फंड मिलता था। मार्च 2025 तक यह राशि जारी की गई, लेकिन अप्रैल 2025 से इस फंड पर रोक लगा दी गई है। यह कदम बस्तर में नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण और सुरक्षा स्थिति में सुधार का संकेत देता है।

### बहू बनकर आईं और बेटी के रूप में पूजी गईं देवी अहिल्याबाई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में आएंगी दो लाख महिलाएं, व्यवस्थाओं का नेतृत्व करेंगी बहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवी अहिल्याबाई होल्कर ने एक नहीं, अनेक आदर्श स्थापित किए हैं। वह बहू बनकर होल्कर परिवार में आईं और बेटी के रूप में पूजी गईं, ऐसा वह अपने कार्यों से ही कर सकी हैं। अहिल्या बाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सुशासन, देशभर के मंदिरों का जीर्णोद्धार, न्यायप्रिय व्यवस्था और महिलाओं के सशक्तिकरण के कार्यों से आदर्श स्थापित किया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर राजधानी के जंबूरी मैदान पर होने वाले महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब दो लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित करेंगे। हम सब के लिए सौभाग्य का विषय है, क्योंकि देशभर में कार्यक्रम हो रहे हैं और प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश आना स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें भी देवी अहिल्याबाई द्वारा स्थापित सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत को संजोने के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम के बाद आए हुए अतिथियों ने विशेष रूप से बनाए गए सेल्फी पाइट पर सेल्फी भी ली। कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, सीमा सिंह जादौन, कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में हजारों नारी शक्ति शामिल हुई।

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को लेकर हुई बैठक**

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश संगठन महामंत्री सहित अन्य नेता, कार्यकर्ता हुए शामिल



### कायराना हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, तो बदला लेना तो बनता था: सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। किसी महिला का सुहाग छीना जाए तो ब्रम्हांड सुरक्षित नहीं रहता। पहलगाम में हुए कायराना हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, तो बदला लेना तो बनता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहनों का सिंदूर मिटाने का दुश्मन से ऐसा बदला लिया कि दुनिया ने भारत और भारत की सेना का शौर्य और पराक्रम देखा।*

### 31 को राजधानी में बनेगा नया इतिहास : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती पर होने वाले महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में भाग लेने भोपाल आ रहे हैं। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें करीब दो लाख बहनें भाग लेंगी। इस सम्मेलन की समूची व्यवस्थाओं का नेतृत्व बहनें ही करेंगी और कार्यकर्ता बंधु उनका सहयोग करेंगे। सभी बहनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी, उनका अलग-अलग काम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10.30 बजे सम्मेलन में पहुंच जाएंगे, इसलिए सभी बहनों को इस सम्मेलन के लिए व्यवस्थाएं सुबह से ही संभालनी होगी। सभी बहनें अभी से ही इस सम्मेलन की तैयारी में जुट जाएं।

### वैदिक काल से बहनों ने हर जिम्मेदारी को निभाकर आदर्श स्थापित किया : डॉ. सिंह




भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह कहा कि 300 वर्ष पहले देवी अहिल्या बाई होल्कर ने अपने न्याय प्रिय शासन व्यवस्था, नारी सशक्तिकरण और सुशासन के साथ सांस्कृतिक विरासत संजोकर समाज में एक आदर्श स्थापित किया है। नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। 31 मई को भोपाल में होने वाले महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की सभी व्यवस्थाएं सभी बहनें संभालेंगी।

### भाजपा की सरकारें महिलाओं को बना रही आर्थिक रूप से सशक्त: हितानंद

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि देवी अहिल्याबाई अपने कामों के बल पर एक सामान्य महिला से लोकमाता बनी। उनकी जयंती पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरी तरह से महिला आधारित है। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, वही काम भाजपा की सरकारें कर रही हैं। लोकमाता अहिल्या बाई के रास्ते पर चलते हुए भाजपा की सरकारें नारी को नारायणी बना रही हैं।

### सीएम डॉ. मोहन ने मंत्रियों को दी जानकारी

# 31 को इंदौर में मेट्रो ट्रेन, सतना एवं दतिया के नए एयरपोर्टस का होगा वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में 26 से 31 मई तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। इंदौर में मेट्रो ट्रेन सेवा और दतिया एवं सतना में एयरपोर्ट्स के लोकार्पण के दौरान संबंधित विभागों के केंद्रीय मंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री सहित राज्य सरकार के विभागीय मंत्री, उस जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्थानीय मंत्री भी कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं सभी मंत्रियों ने लेखिका सुश्री साधना बलवटे की ओर से लिखित 'अहिल्या रुपेण संस्थिता' शीर्षक से नाट्य पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही जबलपुर की ज्ञानेश्वरी देवी से भी मुलाकात की। 27 मई को जनकल्याणी पर्व के तहत अहिल्या माता का स्मरण किया गया। पूरे प्रदेश में देवी अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन विषय पर चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 28 मई को सृजनशील लाड़ली के तहत नवाचार, उद्यमिता एवं नेतृत्व दिवस मनाकर बैतूल में राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता मेले का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी। 29 मई को आरोग्यमयी नारी के तहत छतरपुर में महिला स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस के तहत महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। 30 मई को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष महिला स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन स्वावलंबी महिला-सशक्त राष्ट्र की थीम पर अहिल्या वाहिनी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की प्रमुख महिला खिलाड़ियां एवं युवतियों से संवाद एवं पूरे प्रदेश में महिला बाइक रैली आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को बताया कि कैबिनेट की अगली बैठक 3 जून को पचमढ़ी में होगी। यह बैठक पचमढ़ी क्षेत्र के राजा भभूतसिंह के सम्मान में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा भभूतसिंह पराक्रमी राजा थे।

### मुख्यमंत्री आज सारनी में स्व सहायता समूहों के सम्मेलन में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 28 मई को बैतूल जिले के सारनी में स्व सहायता समूहों के सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जिले के विकास को नई दिशा देने वाले 464.55 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। स्व सहायता समूहों के सम्मेलन और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री और बैतूल सांसद दुर्गादास उईके और प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एवं बैतूल जिला प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले की विकास पुस्तिका का विमोचन भी करेंगे। जिले की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टार्टअप कंपनियों में 8.5 करोड रुपए के निवेश के इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर का प्रस्तुतीकरण भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

### कई ट्रेनें रद्द और डायवर्ट



# पटरी से उतरी मालगाड़ी आवागमन हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के किरंदुल कोट्टावालसा रेल लाइन में आंध्र प्रदेश के आरकू सेक्शन में बुधवार दोपहर में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। मिली जानकारी के अनुसार कुल 37 डिब्बे पटरी से उतरे हैं, जिस कारण रेल आवागमन बंद हो गया है। घटना सुरंग रेलपथ की है जहां मालगाड़ी दंतेवाडा के किरंदुल से लौह अयस्क भरकर विशाखापत्तनम जा रही थी। हालांकि घटना का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

### केके लाइन पर ट्रेनें हुई रद्द और डायवर्ट

हादसे के कारण विशाखापत्तनम किरंदुल नाइट एक्सप्रेस मार्ग परिवर्तित कर रायगढ़ा होकर भेजी जा रही है वहीं, कई पैसेंजर ट्रेन रद्द कर दी गई है। वाल्टेयर डिवीजन और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रेलवे अधिकारियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी, राहत और बहाली कार्यों के लिए कर्मियों और संसाधनों को मौके पर तैनात किया है। स्थिति को कंट्रोल करने के लिए डिवीजनल रेलवे मैनेजर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद है।

### ये ट्रेनें हुई प्रभावित

- 18516 किरंदुल विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कोरापुट, रायगडा, विजयनगरम के रास्ते चलेगी।
- विशाखापत्तनम से छूटने वाली गाड़ी संख्या 58501 विशाखापत्तनम किरंदुल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- वापसी में 29 मई को किरंदुल से छूटने वाली गाड़ी संख्या 58502 किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 28 मई को विशाखापट्टनम से छूटने वाली ट्रेन संख्या 18515 विशाखापट्टनम-किरंदुल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### महिला के भाई ने शिकायत दर्ज कराई

# पड़ोसन का फोटो खींचकर वाट्सएप ग्रुप पर किया शेयर, दंपती ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर के जरहाभाटा क्षेत्र के कस्तूरबा नगर से वाट्सएप ग्रुप पर फोटो भेजने और उसका विरोध करने को लेकर महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पति-पत्नी ने मिलकर बीच सड़क पर महिला की पिटाई की है। इसे लेकर घायल महिला के भाई ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

मामला यह है कि कस्तूरबा नगर में रहने वाली महिला ने अपने मोबाइल पर पड़ोसी महिला की फोटो खींचकर वाट्सएप ग्रुप में भेज दी। जिसका विरोध करने पर फोटो खींचने वाली महिला ने अपने पति के साथ मिलकर पीड़िता की बीच सड़क पर पिटाई कर दी। इस मारपीट में जिस महिला की फोटो खींची गई है, वह घायल हो गई। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कस्तूरबा नगर निवासी जगावर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी बहन रंजीता करोसिया की पड़ोस में रहने वाली गंगा सिहोते ने मोबाइल पर फोटो खींचकर वाट्सएप ग्रुप में डाल दिया। इसकी जानकारी होने पर रंजीता ने विरोध करते हुए गंगा से बात की। इसी बीच गंगा और उसके पति विशाल ने मिलकर रंजीता की पिटाई कर दी। पीड़िता के भाई ने अपनी पुलिस को बताया कि मारपीट से रंजीता बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। इसकी जानकारी होने पर रंजीता की बहन और भाई मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पीड़ित के भाई ने सिविल लाइन थाने में की है।

# पंडीराम को राष्ट्रपति ने प्रदान किया पद्मश्री सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को देश-दुनिया के मंचों पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले जनजातीय वाद्ययंत्र निर्माता व काष्ठ शिल्पकार पंडीराम मंडावी को पद्मश्री सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यह सम्मान प्रदान किया। मंडावी नारायणपुर जिले के ग्राम गढ़बेंगाल निवासी हैं।

बता दें कि 68 वर्षीय पंडीराम पांच दशकों से प्रदेश की विलुप्तप्राय पारंपरिक वाद्य व काष्ठ शिल्पकला को संरक्षित कर रहे हैं। उसे जीवंत मंचों पर प्रस्तुत करते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। वे बांसुरी, टेहण्डोंड, डूसीर, सिंग की तोड़ी, कोटोड़का, उसूड़ जैसे लोक वाद्य यंत्रों के निर्माण व प्रदर्शन में अद्वितीय दक्षता रखते हैं। उनकी काष्ठ-कला न केवल लोकगीतों की आत्मा को जीवंत करती है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की मिसाल भी प्रस्तुत करती है।



### विदेशों में भी किया अपनी कला का प्रदर्शन, भारत का किया प्रतिनिधित्व

*मंडावी की कला यात्रा देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रही। वे अब तक रूस, फ्रांस, जर्मनी, जापान और इटली सहित कई देशों में सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी कला ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण भारत की पारंपरिक छवि को वैश्विक मंचों पर प्रतिष्ठा दिलाई है।*

### भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ने इंदौर में की बैठक

# वन नेशन-वन इलेक्शन समय की आवश्यकता : शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती व वन नेशन, वन इलेक्शन पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने मंगलवार को इंदौर भाजपा कार्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती और वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र निर्माण की नीतियां देवी अहिल्याबाई होल्कर की शासन व्यवस्था से प्रेरित हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। एक देश, एक चुनाव मौजूदा समय में देश की आवश्यकता है। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों में आदर्श स्थापित किया है। देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से देश की प्रत्येक नारी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देवी अहिल्या बाई की सेवा, त्याग, तपस्या, सुशासन, लोक कल्याण और धर्म व आध्यात्म को लेकर किए गए कार्यों की विस्तार से चर्चा की।

### भाजपा की राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया देवी अहिल्याबाई होल्कर की नीतियों से प्रेरित

*राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने हमारी सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्यों की भाजपा व एनडीए सरकारें जिस उद्देश्य व ध्येय के साथ आगे बढ़ रही हैं, कहीं ना कहीं राष्ट्र निर्माण की हमारी यह प्रक्रिया देवी अहिल्या बाई होल्कर की नीतियों से प्रेरित हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित करने के लिए कृतसंकल्पित हैं।*

### जून में 2.52 प्रतिशत ज्यादा बढ़कर आएगा बिल

# बिजली उपभोक्ताओं को झटका

**जबलपुर।**

मप्र के बिजली उपभोक्ताओं को झटका लगने वाला है। जून के बिजली बिल में उपभोक्ताओं से 2.52 फीसदी की अतिरिक्त वसूली होगी। उपभोक्ताओं से यह बिल फ्यूल एंड पावर पर्चेस एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) के तौर पर लिया जाएगा। गौरतलब है कि अभी पिछले महीने ही उपभोक्ताओं को जोर का झटका लगा है। बिजली की नई दर लागू होने के कारण प्रति यूनिट 25 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। अब जून में फ्यूल एंड पावर पर्चेस एडजस्टमेंट सरचार्ज भी बिल में जुड़ कर आएगा। यानी बिजली उपभोक्ताओं के लिए गर्मी काफी भारी रहेगी। इसमें एक तो बिजली की खपत ज्यादा होगी और ऊपर से बिजली की दरों में भी इजाफा होने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।प्रदेश में गर्मी में बिजली खपत ज्यादा होने से उपभोक्ताओं का तीन से चार गुना अधिक बिल आ रहा है। वहीं हर महीने बिजली कंपनियां फ्यूल एंड पावर पर्चेस एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) भी अलग से जोड़ रही हैं। इस बार बिजली कंपनियों ने 2.52 फीसदी एफपीपीएएस लगाया है। इससे अगले महीने बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल ज्यादा बढक़र आएगा। प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ 1 अप्रैल से लागू हो चुका है। इससे भी बिजली बिलों में इजाफा हो गया है। वहीं गर्मी में बिजली खपत अधिक होने से ज्यादातर बिजली उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे में बाहर हो जाते हैं। इससे उनका बिजली बिल तीन से चार गुना तक बढ़ जाता है। अब एफपीपीएएस भी बढ़ गया है। इससे बिजली बिल में और अधिक इजाफा होगा।



#### दो साल पहले लागू की थी एफपीपीएएस व्यवस्था

बिजली कंपनियों ने दो साल पहले यह व्यवस्था लागू की थी। इसके तहत हर महीने फ्यूल एंड पावर पर्चेस एडजेस्टमेंट सरचार्ज जोड़ा जाता है। कई बार इसमें कमी भी होती है, लेकिन ज्यादातर यह चार्ज बढ़ाया जाता है। इससे बिजली बिलों में इजाफा हो जाता है। दरअसल केंद्र सरकार ने घाटे के आधार पर फ्यूल एंड पावर पर्चेस एडजेस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) वसूलने के अधिकार बिजली कंपनियों को दिए हैं। इस सरचार्ज की गणना प्रत्येक महीने की 24 तारीख होती है। बिजली कंपनियों द्वारा दो साल से हर महीने सरचार्ज वसूला जा रहा है। हर महीने चार्ज वसूलने पर भी बिजली कंपनियों को फायदा हो रहा है। इसके बाद भी कंपनियों का घाटा कम नहीं हो रहा है। बिजली कंपनियों ने 4107.18 करोड़ का घाटा बताते हुए बिजली के मौजूदा टैरिफ में 7.52 फीसदी इजाफा करने की मांग की थी। इसके बदले आयोग ने 3.46 फीसदी इजाफा किया है। बिजली कंपनियों ने साल 2025-26 के लिए 58744.15 करोड़ के राजस्व की आवश्यकता बताई थी। कंपनी के मुताबिक प्रचलित दरों पर 54636 करोड़ का राजस्व मिलेगा। इससे बिजली कंपनियों को 4107.18 करोड़ का नुकसान होगा। इसकी भरपाई के लिए कंपनियों ने टैरिफ बढ़ाने की मांग की थी।

#### उपाय एप से बिजली गुल की भी शिकायत

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर रही है। बिजली कंपनी ने अपने उपाय एप को अधिक अपडेट कर दिया है। उपाय एप के जरिए विद्युत संबंधी अनेक तरह की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता उपाय एप पर शिकायत कर सकते हैं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। बिजली कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के माध्यम से कई फायदे हो सकते हैं, जैसे उपाय एप के रजिस्टर कंम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद उपभोक्ता दर्ज शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय एप के माध्यम से जान सकते हैं। वहीं उपभोक्ता अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी कर सकते हैं। उपाय एप से बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को बिल डेस्क, एचडीएफसी बैंक, पे-यू, गूगल पे, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग आदि ऑप्शन्स प्राप्त होते हैं।

## दो प्रदेशों की पुलिस संयुक्त टीम गठित कर तलाशें नाबालिग को

### हाई कोर्ट ने मप्र और उप्र पुलिस को दिए निर्देश

**जबलपुर।**



हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने एक नाबालिग के लापता होने के मामले में मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशकों को निर्देश दिया है कि संयुक्त टीम गठित कर तलाश करें। इसके लिए सात दिन का समय दिया गया है।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता जबलपुर के उपनगरीय क्षेत्र रांझी अंतर्गत मोहनिया निवासी मुकेश श्रीपाल की ओर से अधिवक्ता अभिषेक ऋषि ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता आटो चालक है। पड़ोस में रहने वाले शिवकुमार गुप्ता की बेटी खुशबू का विवाह झांसी मऊरानीपुर निवासी अनिल से हुआ था। दीपावली के बाद पड़ोसी ने उसके 15 वर्षीय नाबालिग नाती को दुकान का कामकाज सीखने के लिए बेटी व दामाद के पास भेज दिया था। फरवरी तक स्वजनों की बेटे से मोबाइल पर बात होती रही। इसके बाद उसके नाती का फोन 15 फरवरी से अचानक बंद हो गया था। जिसके बाद स्वजन नाबालिग से मिलने झांसी गए थे। उसके नहीं मिलने पर स्वजनों ने संबंधित थाने में शिकायत की थी। उसके दूसरे दिन पड़ोसी के दामाद की ओर से भी नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज कराई गई थी। नाबालिग की तलाश पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है। वहीं मामले में सरकार की ओर से कहा गया कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की पुलिस के बीच समन्वय की आवश्यकता है। इसके लिए कुछ समय प्रदान किया जाए। जिसके बाद हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए दो राज्यों के पुलिस से संबंधित मामला है।

## केन्द्रीय दल ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**जबलपुर।**

जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना का जायजा लेने के लिए केन्द्रीय दल जबलपुर पहुंचे। दल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं सेंट्रल नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन श्रीमती वृंदामनोहर देसाई और जल जीवन मिशन से ही राष्ट्रीय जलतज्ञ के तकनीकी अधिकारी श्री सुरेश चंद्रन शामिल थे। केन्द्रीय दल द्वारा कलेक्टर सभागार में बैठक कर जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी तथा जल निगम के जीएम श्री संजय वाधवा ने जबलपुर मल्टी विलेज स्कीम अंतर्गत जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत 1098.57 करोड़ की लागत से 849 गांवों में 1 लाख 45 हजार 348 लोगों को पेयजल सुनिश्चित किया जायेगा। पेयजल सुनिश्चित का कार्य आफकॉर्न इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड मुम्बई के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। कार्य की निगरानी जल निगम तथा अनुश्रवण समिति कर रही है। उन्होंने कहा कि 9 मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण हो जायेगा, जिससे सभी लक्षित परिवारों को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित किया जायेगा। इसके लिए इंटेकवेल के साथ पम्प हाउस, जल शुद्धीकरण संयत्र, ओव्हर हेड टेंक, पाईप लाईन बिछाने का कार्य तथा सड़क सुधार आदि के कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन, रेल्वे, एनएचएआई, एमपीआरआरडीसी और एमपीआआडीए जैसे विभागों से कुछ तकनीकी स्वीकृतियां राज्य स्तर जैसे ही मिलते हैं कार्य की गति बढेगी। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी की टीम लीडर उपस्थित रहे। केन्द्रीय दल द्वारा जबलपुर जिले में जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना, मंडला जिले में हलोन समूह जल प्रदाय योजना एवं डिंडोरी जिले की जल प्रदाय योजनाओं का निरीक्षण किया जायेगा।

## राहुल और प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर असमंजस

### जय हिंद सभा की तैयारियों में जुटे कांग्रेसीजन

**जबलपुर।**

कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित जय हिंद सभा 31 मई को जबलपुर में आयोजित होने जा रही है, लेकिन इस आयोजन को लेकर एक बड़ा सवाल अब भी अनुत्तरित है, क्या राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे? कांग्रेस की ओर से अब तक उनके आगमन को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, जिससे कार्यक्रम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह सभा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति का हिस्सा है, जिसे देश के पांच प्रमुख शहरों में आयोजित किया जाना है। इन शहरों में मध्य प्रदेश का जबलपुर शामिल किया गया है, जो अपनी ऐतिहासिक और राजनीतिक पहचान के कारण एक प्रमुख स्थल के रूप में चुना गया था। राहुल और प्रियंका गांधी के आगमन की चर्चाओं ने इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया था, लेकिन अब अंतिम क्षणों में उनके कार्यक्रम



की पुष्टि न होना निराशाजनक संकेत दे रहा है।

#### तैयारियों में कोई कमी नहीं

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी जबलपुर में हैं और लगातार बैठकों व कार्यकर्ताओं से संवाद के जरिए तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। गत दिवस बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। हालांकि जब मीडिया ने राहुल और प्रियंका गांधी के कार्यक्रम को लेकर सवाल किया, तो चौधरी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, तथा राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा जैसे दिग्गज नेताओं के शामिल होने की बात तो कही, लेकिन राहुल और प्रियंका के नाम का कोई उल्लेख नहीं किया। यह चुप्पी अपने आप में कई सवाल खड़े कर रही है।

#### कार्यकर्ताओं में उत्साह

पूर्व विधायक विनय सक्सेना के आवास पर भी हुई एक बड़ी बैठक में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने लायक थी। लेकिन यहां भी जिन नेताओं का उल्लेख हुआ, उनमें राहुल और प्रियंका गांधी के नाम नदारद थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब केवल दो दिन का समय बचा है और ऐसे में शीर्ष नेतृत्व के कार्यक्रम की पुष्टि नहीं होना कार्यक्रम के प्रभाव को कम कर सकता है। हालांकि, कांग्रेसजन अभी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि अंतिम समय पर कोई घोषणा हो सकती है।

हालांकि प्रदेश नेतृत्व की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि आयोजन में कोई कमी न रहे, लेकिन अगर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होते हैं, तो निश्चित रूप से इसका राजनीतिक संदेश कमजोर पड़ सकता है।

## संजीवनी नगर पुलिस को मिली सफलता, मोबाइल समेत वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

## 148 दिन बाद चाकू अड़ाकर लूट करने वाले लुटेरे गिरफ्तार

**हरिभूमि, जबलपुर।**

संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में चाकू अड़ाकर लूट करने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने 148 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही लूटा हुआ मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली गई। टीआई बीडी द्विवेदी ने बताया कि 1 जनवरी 2025 को महेश ठाकुर पिता द्वारिका प्रसाद ठाकुर 35 वर्ष निवासी ग्राम लोहारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे बिल्डिंग वर्क लोहा बांधने का काम करता हैं। उसके साथ राकेश पटेल भी काम करता है। 31 दिसम्बर 2024 को वे राकेश पटेल की मोटर साइकिल से राकेश पटेल के साथ सुखसागर हास्पिटल का आर्डर लेने गया था। वहाँ से 2000 रूपये एडवांस काम के पंचदेव से लिए



उसके बाद वापस आकर तिलवारा पेट्रोल पम्प में गाडी में पेट्रोल डलवाकर पगलापुर आये पगलापुर में काम देखने के बाद धनवंतरी चौक 07.00 बजे हम दोनों आकर शराब का सेवन किया। उसके बाद राकेश पटेल को पीछे बैठाकर मैं मोटर साइकिल चलाते घर लोहारी अंधमुक वायपास होते जा रहे थे। करीब रात्रि 10 बजे एचपी पेट्रोल पम्प के सामने अंधुआ पहुंचे तभी एक मोटर साइकिल में तीन अज्ञात व्यक्ति आये और हमारी मोटर साइकिल के आगे अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर उसकी मोटर साइकिल की चाँबी निकाल लिए और चाकू निकालकर अड़ा दिया और उसका मोबाइल, नगदी 1320 रूपये निकाल लिए थे। पुलिस ने पतासाजी करते हुए क्रिश वाल्मीक पिता स्व. राजू वाल्मीक 20 वर्ष निवासी नौरानी मस्जिद के पास बेन मोहल्ला रामपुर थाना गोरखपुर, मोहम्मद जुनैद पिता पीर मोहम्मद 18 वर्ष नि. इन्द्रानगर गली नंबर 1 शक्तिभवन रोड थाना गोरखपुर, मोनू पटेल पिता जगदीश पटेल 21 वर्ष नि. रामपुर बेन मोहल्ला आजाद चौक थाना गोरखपुर जिला जबलपुर गिरफ्तार किया गया। जिन्होने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपीयो से लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं लूटा हुआ मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपीयो को ज्युडिशियल पर न्यायालय पेश किया गया है जो न्यायालय से ज्युडिशियल पर आरोपी को केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरुद्ध किया गया।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्यवाही मे चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर एसआई दिनेश गौतम, हवलदार दिलीप पाठक, सिपाही रजनीश यादव, वीरेन्द्र उइके, यशवंत कौरव एवं थाना गोरखपुर के सिपाही रामकृष्ण शर्मा एवं सायबर सेल के अरविंद की सराहनीय भूमिका रही।

## शासन के कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

जिसमें मुख्य रूप से विकसित कृषि संकल्प अभियान, राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण, सीएम हेल्प लाईन तथा गंगा जल संवर्धन अभियान मुख्य रूप से शामिल थे। संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन ख़रीफ़ पूर्व दिनांक 29 मई से 12 जून तक किया जाना है। अभियान के अंतर्गत केंद्रीय योजनाओं एवं राज्य शासन की योजनाओं, नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों, कृषकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी कृषकों को दी जानी है। इस हेतु सभी जिलों में टीमों का गठन कर दिया गया है। गठित टीम प्रतिदिन 2 से 3 ग्राम पंचायतों में अभियान का संचालन करें। कलेक्टरों द्वारा कृषि एवं संबद्ध विभागों के माध्यम से अभियान की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।

राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में आयुक्त द्वारा समीक्षा की गई। कम प्रगति वाले राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए।

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा पर उन्होंने कहा कि प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित किया जाये। गंगा जल संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कलेक्टर्स से कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अभियान है, अतः इस दिशा में प्रभावी कार्य करना सुनिश्चित किया जाये। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

## देवी अहिल्या बाई होलकर राजमाता होते हुए भी लोकमाता हैः मंत्री

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने तिलवारा स्थित श्रीपाल गड़रिया धर्मशाला में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, इसी तारतम्य में आज तिलवारा में भी भव्य कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि लोकमाता के जीवन को देखे और समझें, वह राजमाता होते हुए भी लोकमाता थीं। उस समय राज गद्दी में साध्वी लोकमाता के रूप में बैठी थी, जिन्होंने सुशासन का मार्ग दिखाया, न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ किया। आवश्यकता पड़ी तो अपने पुत्र को भी न्याय के कारण हाथीं के पैरो तले कुचलवा दिया। लोकमाता मालवा ही नहीं पूरे देश में मंदिर और धर्मशालाएं बनवाई। लोकमाता को याद करते हैं तो श्रद्धा से उनके लिए सिर झुक जाता है। लोकमाता के सुशासन व न्याय व्यवस्था के कारण उनकी कीर्ति पूरे विश्व में फैली हुई है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे पहले ही लोकमाता देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा के लिए 1 लाख रूपये तथा शेड के लिए 5 लाख रूपये की घोषणा कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक नीरज सिंह ठाकुर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अभय सिंह ठाकुर, श्री पंकज दुबे तथा बड़ी संख्या में जनसमुदाय मौजूद था।

### किसान पर किसी भी कार्रवाई का गांव-गांव में होगा विरोध

## एनएसए व जेल की धमकी पर भड़का किसान संघ

**जबलपुर।**

नरसिंहपुर में आयोजित कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम में दो दिन पूर्व ही देश के महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसान की जितनी पूजा की जाये कम है, किसान भारत की रीढ़ की हड्डी है। वहीं दूसरी ओर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को लेकर किसानों के साथ बैठक में पराली जलाने को लेकर किसानों पर मुकदमा दर्ज करने व जुर्माना लगाने की धमकी दी, साथ ही ग्लाइफोसेट नींदानाशक का उपयोग करने वाले किसानों पर एनएसए के तहत कार्यवाही करने की धमकी दी। जिसको लेकर बैठक में मौजूद भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल व अन्य पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त करते हुये विरोध दर्ज कराया।

#### प्रदूषण के लिये किसान को दोषी ठहराना गलत

भारतीय किसान संघ ने कहा कि प्रदूषण के लिये किसान का पराली जलाना मुख्य कारण नहीं है। प्रदूषण



का मुख्य कारण वाहनों का धुंआ, औद्योगिक कचरा, जीवाष्म ईधन पर निर्भरता, ठोस कचरा कुप्रबंधन व निर्माण गतिविधियां है। चूंकि प्रदूषण के इन कारणों के जनक धन व उद्योगपति और प्रशासनिक कमियां हैं। किसान संघ ने कहा कि क्या इनके खिलाफ कार्यवाही करने में सरकार व अधिकारीयों को सांप सूंघ जाता है। गरीब किसान को टारगेट करना अत्यंत दुखद व निंदनीय है।

#### हिम्मत है तो यह करकर दिखायें अधिकारी

भारतीय किसान संघ ने कहा कि कलेक्टर प्रदूषण के प्रति कार्यवाही के लिये ईमानदार है तो अवैध खनन, धुंआ उगलने वाले उद्योगों व वाहनों पर कार्यवाही, खुले में कचरा डालने व जलाने पर हो कड़ी कार्यवाही व जुर्माना, डीजल जनरेटर का सीमित उपयोग, कोयला जलाने पर लगे प्रतिबंध, यातायात की आदर्श व्यवस्था बनाये, राजमार्ग, सड़क, फ्लाइओवर, पाइपलाईन आदि अन्य निर्माण व विध्वंश गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर दिखायें।

#### ग्लाफोसेट प्रतिबंधित तो बिक्री क्यों

बैठक में मूंग व सभी फसलों में नींदानाशक के तौर पर ग्लाइफोसेट का उपयोग करने वाले किसानों पर एनएसए के तहत कार्यवाही करने की चेतावनी दी। जिसको लेकर भारतीय किसान संघ ने तीव्र विरोध दर्ज कराते हुये कहा कि अनाज को जहरीला बनाने में किसान पर ठीकरा फोड़ना गलत है। ग्लाइफोसेट को केंद्र सरकार ने आदेश निकालकर मानव व जानवरों के स्वास्थ्य के लिये खतरा माना है तो उसकी प्रदेश में बिक्री प्रतिबंधित क्यों नहीं की जा रही है। जबकि पंजाब, उड़ीसा व आंध्रप्रदेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया है। ग्लाइफोसेट को फसलों में डालने की सलाह देने वाले और बिक्री करने वालों पर कार्यवाही सरकार व प्रशासन क्यों नहीं कर रहा है।



# निकाली श्रीराम यात्रा व आयोजित की भजन संध्या

**मझौली।** नशा मुक्ति और युवा जागृति एवं अयोध्या में बने प्रभु श्रीराम जी के मंदिर को लेकर टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी मझौली द्वारा आयोजित श्रीराम यात्रा के 134 वें कार्यक्रम में भगवान श्रीराम जी और हनुमान जी महाराज के पूजन अर्चन और उनके भजनों को निज निवास पर आयोजित कर के मनाया। टारगेट टीम के अध्यक्ष आशीष तिवारी पंडित ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष आकर्षण सिद्ध पर्वत श्री सिद्धेश्वर धाम पीठाधीश्वर आकर्षण महाराज उमरिया बुड़रई मझौली का आगमन रहा। आकर्षण महाराज ने भी प्रभु श्रीराम जी और हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन करके टारगेट टीम को आशीर्वाद वचन एवं



भजनों के माध्यम से सभी के अन्तःकरण में अपने भजनों को समायोजित किया एवं सनातन परंपरा के साथ मनाने का टारगेट टीम के सदस्य आशीष तिवारी (अध्यक्ष), लल्ला गोटियां (ढोलक वादक), शिवकुमार प्रजापति, उमाकांत कोष्टा, हिमांशु साहू, सौरभ सैनी, क्रिश राजपूत (पड़रिया), सुनील राजपूत , दीपक तिवारी (शिक्षक), रविशंकर मिश्रा, शेखर कोष्टा, मयंक कोष्टा, सचिन चौधरी, अंकुर राजपूत, संतोष दुबे(पंडा), सौरभ झारिया (तबला वादक) एवं नगर मझौली से जितेंद्र ताम्रकार पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद मझौली,समाजसेवी प्रताप साहू ,नवनीत राय ,सुनील साहू(कंजा भैया),श्रवण कुमार मुन्नू सोनी , अमित साहू , अंचल साहू (एडवोकेट)विवेक भट्ट ,ऋषि साहू (झल्लू भैया) थाना प्रभारी जे.पी.द्विवेदी , अनुज कंसाना उपस्थित रहे।

**3 जून तक पुराने बस स्टैंड में चलेगा आयोजन**

# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरु

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।



पुराने बस स्टैंड के पास गणपति सदन में संत श्री ब्रम्हानंद दास महाराज के सानिध्य में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ हो गई है। कथा की बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकली जो कथा स्थल से प्रारंभ होकर मैना कुआं, काल भैरव चौक,झंडा बाजार, आजाद चौक, गौरी तिराहा से होकर निकली कलशयात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा लेकर युवक एंव भक्त गण चल रहे थे तथा उसके पीछे पीले वस्त्र धारण करके सर पर मंगल कलश रखकर महिलाएं चल रही थी।कथा वाचक संत ब्रम्हानंद जी रथ पर सवार होकर चल रहें थे।

आयोजक मंडल के प्रशांत गुप्ता ने बताया कथा 29 मई को कुंती स्तुति कपिल उपाख्यान 30 मई को ध्रुव चरित्र कपिल देव संवाद 31 मई को कृष्ण जन्मोत्सव प्रहलाद चरित्र 1 जून को कृष्ण बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजन का पाठ होगा 2 जून को रुक्मणी विवाह होगा 3 जून को सुदामा चरित्र एवं हवन का होगा 4 जून को ब्राह्मण भोज एवं भंडारे का आयोजन होगा। कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील द्रौपती गुप्ता, रश्मि गुप्ता, आशीष नीतू गुप्ता,अभिषेक सौम्या गुप्ता आदि ने की है।



# प्रिंस ने दसवीं बोर्ड परीक्षा की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दर्ज कराया नाम

**पाटन।** विकासखंड पाटन के अंतर्गत हाई स्कूल गाड़ाघाट यह क्षेत्र आजादी की रणभूमि के लिए इतिहास के पन्नों में आज भी दर्ज है जहां की वीरों द्वारा आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इसी ग्राम के होनहार छात्र प्रिंस राठौर नेमध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा दसवीं की प्रदेश स्तरीय सूची में अपना नाम दर्ज करा कर संस्कारधानी जबलपुर में चौथा स्थान प्राप्त किया इसकी योग्यता एवं प्रतिभा को देखते हुए पाटन विधानसभा के लोकप्रिय कर्मठ विधायक अजय बिश्नोई ने प्रिंस राठौर का सम्मान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और समाज एवं गांव का नाम रोशन करने के लिए दिल से आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अलीम खान एवं शिक्षक बृजेश दुबे सहित पत्रकार राजेश नायक एवं नगर की साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थाओं ने छात्र को उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अवैध वनों की कटाई के विरोध में दिया धरना, किया प्रदर्शन



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट क्षेत्र में वनों की अवैध कटाई और मिट्टी खनन को लेकर वन संरक्षक समिति भेड़ाघाट द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन वन मंडल कार्यालय जबलपुर के समक्ष दिया गया जिसमें वन मंडल अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया की अवैध वनों की कटाई को शीघ्र रोका जाएगा समाजसेवी विजय पांडे वन संरक्षक समिति अध्यक्ष सुखदेव धुर्वे ,समिति संरक्षक प्रभारी मनोज साहू पत्रकार, राजेश विश्वकर्मा, सुखलाल ठाकुर, आदि सैकड़ो कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

**आज पूर्व विधायक और नपा अध्यक्ष के घर बजाएंगे शंख-घंटा-थाली**

# पूर्व मंडल अध्यक्ष के जिला बनाने पर चुप्पी साधने पर आंदोलनकारियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

सिहोरा के भाजपा नेताओं की नींद टूटे इसके लिए लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति का पांचवा प्रदर्शन भी बुधवार को जारी रहा। समिति के सदस्य पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव मिश्रा के घर पहुंचे और जबरदस्त नारेबाजी करते हुए उन पर जिला मामले में चुप्पी साधने का आरोप लगाया। समिति ने घोषणा की कि आज 29 मई को पूर्व विधायक दिलीप दुबे और नपा अध्यक्ष संध्या दुबे के निवास के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

## उमा भारती की घोषणा के गवाह

आंदोलन समिति ने जारी बयान में कहा कि पूर्व विधायक दिलीप दुबे जिस समय सिहोरा के विधायक थे इस दौरान मुख्यमंत्री रही सुश्री उमा भारती सिहोरा आई थी और उन्होंने सार्वजनिक रूप से नवंबर 2004 तक जिला बनाने की घोषणा की थी।समिति का आरोप है कि पूर्व विधायक इसके गवाह होने के बाद भी सिहोरा जिला मुद्दे पर बैकफुट में रहते है। इस अवसर पर समिति के कृष्ण कुमार कुररिया, संतोष पांडे, अनिल जैन, शरद सेठ, प्रदीप दुबे, निसार अंसारी, मोहन सोंधिया, अनिल खंपरिया, विकास दुबे, रामजी शुक्ला, नत्थू पटेल,मोहन लाल पटेल, नीतेश खरया,संतोष वर्मा, जितेंद्र श्रीवास, नवीन शुक्ला सुशील जैन,नरेंद्र गर्ग आदि ने सभी सिहोरा वासियों से पूर्व विधायक दिलीप दुबे के निवास पर सुबह 10 बजे पहुंचने का आह्वान किया है।

## सदर काली मंदिर में स्वच्छता अभियान

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी केंट विधानसभा पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मण्डल में पुण्य श्लोक देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला जबलपुर द्वारा 11 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. उसी निमित्त मठ मंदिरों में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम किया गया है, केंट विधायक अशोक रोहाणी ने बताया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा पूरे भारत में धर्म को लेकर जनजागरण किया गया था, अखिलेश जैन ने बताया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा कई मठ मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया गया उनकी 300 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान किया गया। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी श्रीमती अंजू भार्गव जी, श्री माइकल प्रदीप कपूर जी, आशीष राव, श्याम कनौजिया, शेखर पिल्ले, श्रीमती रूपा बावरिया, आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**पाटन।** गुरु निवास पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की त बैठक का आयोजन जबलपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर मंगलवार दोपहर 1 गुरु निवास पर कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बरगी विधानसभा के पूर्व विधायक संजय यादव, कांग्रेस नेता निलेश जैन, ठाकुर विक्रम सिंह, संदीप गुरु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। गौरतलाप है कि 31 मई को जबलपुर में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आगमन होने जा रहा है इसी को लेकर गुरु ने वास पर इस बैठक का आयोजन किया गया था बैठक में 31 में को राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई कार्यकर्ताओं को पूर्व विधायक संजय यादव कांग्रेस नेता निलेश जैन ठाकुर विक्रम सिंह संदीप गुरु ने अपना मार्गदर्शन दिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखे जिन पर विचार करने के लिए कहा गया है गौरतला भी की जबलपुर में जय हिंद सभा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगे गुरु निवास में हुई इस बैठक में कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई और बड़ी संख्या में सभी कार्यकर्ताओं से जबलपुर पहुंचने की अपील की गई कांग्रेस के नगर मंडलम अध्यक्ष संदीप गुरु का कहना है कि यह एक तैयारी बैठक थी जिसमें की राहुल गांधी प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई।

# पैदल घूम रहे 2 युवक कार की टक्कर से घायल

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत आईसीआईसीआई बैंक के पीछे सिविल लाईन में रोड पर घूम रहे दो युवकों को एक अल्टो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक के पीछे सिविल लाईन निवासी 20 वर्षीय छात्र अमन गुप्ता पड़ोस के हर्ष राय के साथ गत रात लगभग 11.30 बजे रोड पर घूम रहा था तभी एक अल्टो कार क्रमांक एमपी 20 सीई 7532 के चालक ने रोड पर घूम रहे अमन और हर्ष को टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं अल्टो कार दीवार से टकराकर खड़ी थी। दोनों घायलों को अमन के रुममेट विवेक चौधरी ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# तीन बदमाशों से 3 तलवारें जब्त



**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में झिन्ना मोहल्ला आमाहिनौता, विपशना आश्रम मोड़ के पास धुआंधार रोड और व्हीआईपी गेट के आगे स्वर्गद्वारी रोड़ भेड़ाघाट में अवैध हथियार की तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन तलवारें जब्त की है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर झिन्ना मोहल्ला आमाहिनौता में तलवार लेकर खड़े कबाड़ी मोहल्ला आमाहिनौता निवासी 22 वर्षीय शेख मुबीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तलवार जप्त की गई है। इसी प्रकार गत रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विपशना आश्रम मोड़ के पास धुआंधार रोड में दबिश देते हुए पंचवटी भेड़ाघाट निवासी 21 वर्षीय आरोपी अजय झारिया को गिरफ्तार उसके पास से तलवार जब्त की है। इसी तरह गत रात वार्ड नंबर 2 भेड़ाघाट निवासी 23 वर्षीय आरोपी आकाश बर्मन को व्हीआईपी गेट के आगे स्वर्गद्वारी रोड भेड़ाघाट से गिरफ्तार उसके कब्जे से तलवार जब्त की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई हैं।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदि था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम फर्नीचर के पास गढ़ा निवासी 27 वर्षीय पेंटर देव कुमार विश्वकर्मा की तीन बेटियां हैं। देव कुमार शराब पीने का आदि था। गत रात लगभग 8 बजे देव कुमार विश्वकर्मा उर्फ बंटी ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# साली की शादी की दावत नहीं देने पर चलाया चाकू

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में साली की शादी की दावत नहीं देने और शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर घोड़ा ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दस नल के पास गाजीनगर निवासी 32 वर्षीय सलमान अली गत रात लगभग 11.50 बजे अपनी ससुराल में साली की शादी में आया था और अपने भांजे राजा के साथ घर के सामने कुर्सी पर बैठा था तभी वसीम उर्फ गोलू उर्फ घोड़ा उसके पास आया और गाली गलोज करते हुये साली की शादी में दावत में नहीं बुलाने और शराब पीने के लिये 300 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर वसीम उर्फ गोलू उर्फ घोड़ा ने चाकू से उसके पैर पर हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी विवेचना में लिया गया है।



# पिता को जेल भिजवाने पर बेटे ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में पिता को जेल पहुंचाने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर गोहलपुर निवासी 28 वर्षीय यशु नीखरा गत रात लगभग 9.40 बजे अग्रवाल किराना दुकान के सामने खड़ा था, जहॉ नानू समुंद्ररे अपने दो साथियों के साथ एक बाईक में आया और गाली गलौज करते हुये पिता को जेल भिजवाने की बात पर चाकू से यशु के पैर हाथ एवं अन्य जगहों पर प्राणघातक हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# बुलेरो की टक्कर से ई रिक्शा पलटा, 5 घायल

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत बिलहरी राजुल पार्क के सामने रॉन्ग साईड से आ रही एक बुलेरो ने एक ई रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा पलट गया और उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीली बिल्डिंग के पास बरेला चौकी गौर निवासी 34 वर्षीय मोह. इस्तयाक गत रात लगभग 8.30 बजे अपने परिवार के साथ ईरिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 6201 में बैठकर तिलहरी से प्रदर्शनी मेला गोरखपुर घूमने जा रहे थे ई रिक्शा उसका साला साहिल मंसूरी चला रहा था ई रिक्शा में उसकी पत्नी रूही बानो, बेटी आयत, बेटा उबेश, सास परवीन मंसूरी एवं सवारी महिला तारा बेगम बैठे थे। जैसे ही बिलहरी राजुल पार्क के सामने पहुंचे तभी रांग साईड से आ रही बुलेरो वाहन क्रमांक एमपी 20 टीए 9053 के चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी ई रिक्शा मे टक्कर मार दिया जिससे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया एवं पत्नी रुही, बेटी आयत, बेटा उबेश एवं तारा बेगम को चोटें आ गयीं हैं। मोह. इस्तयाक ने घायल पत्नी एवं बच्चों को उपचार हेतु सुधा नर्सिंग होम अस्पताल गोलबजार में तथा तारा बेगम को विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी बुलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**कार्तिक जायसवाल-** सेठ चुन्नीलाल का बाड़ा दरहाई रोड़ निवासी कार्तिक जायसवाल का निधन हो गया है। वे राजेश जायसवाल के पुत्र एवं तिलक जायसवाल के भतीजे थे। अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी



**श्री जय कुमार लालवानी-** मोहित काम्पलेक्स नेपियर टाउन निवासी श्री जय कुमार लालवानी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला देवी गुप्ता-** प्रेमनगर ईसाई मोहल्ला गणेश मंदिर के पास मदनमहल निवासी श्री गोविंद प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती लीला देवी गुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री वेद प्रकाश शिवहरे-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री वेद प्रकाश शिवहरे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देव कुमार विश्वकर्मा-** प्रेमनगर ईसाई मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा के पुत्र श्री देव कुमार विश्वकर्मा (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हरि बाई उसरेठे-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री लालजी प्रसाद उसरेठे की धर्मपत्नी श्रीमती हरि बाई उसरेठे (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेनू यादव-** नई बस्ती राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री दीपक यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रेनू यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बबलू सोनकर-** कदम तलैया छोटी ओमती निवासी श्री महेश सोनकर के पुत्र श्री बबलू सोनकर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामवती बाई बेन-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री कन्छेदी लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती बाई बेन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गेंदा सिंह ठाकुर-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री गेंदा सिंह ठाकुर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष कनौजिया-** कांचघर बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री प्रकाश कनौजिया के पुत्र श्री मनीष कनौजिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम रतन चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम रतन चौधरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा ठाकुर-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री गुलाब सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा ठाकुर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# यात्री कारों की बिक्री में भारी गिरावट चिंता का विषय : कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि यात्री कारों की बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की गई है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है।

■ पहले यात्री कारों का हिस्सा 65 फीसदी था अब घटकर 31 फीसदी रहा

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक खबर साझा की। जिसमें कहा गया है कि 2018-19 में कुल वाहनों की बिक्री में यात्री कारों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत थी जो अब घटकर मात्र 31 प्रतिशत रह गई है। रमेश ने खबर साझा करते हुए लिखा, भारतीय उद्योग जगत एक बार फिर खतरे की घंटी बजा रहा है, इस बार वजह मोटर वाहन बिक्री में गिरावट है। 2018-19 में कुल वाहनों की बिक्री में यात्री कारों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत थी। अब यह घटकर मात्र 31 प्रतिशत रह गई है। वहीं एसयूवी और बहुउद्देशीय वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर 65 प्रतिशत हो गई है।''

### पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर खबर की साझा

### अब सेकेंड हैंड कार बाजार की ओर रुख

कांग्रेस महासचिव ने कहा, खरीदार अब नई कारों की जगह 'सेकेंड हैंड' कार बाजार की ओर रुख कर रहे हैं। मोटर वाहन विनिर्माता अब घरेलू बाजार की बजाय निर्यात बाजारों को ध्यान में रखकर उत्पादन कर रहे हैं।



*उपभोग अर्थव्यवस्था से बहुसंख्यक बाहर :* रमेश ने कहा कि इस चलन से भारतीय अर्थव्यवस्था की कैसी तस्वीर सामने आती है? उपभोग अर्थव्यवस्था से बहुसंख्यक भारतीय बाहर हैं.. लगभग 88 प्रतिशत भारतीय परिवार सालाना 12 लाख रुपये से कम कमाते हैं।

*असमानता बढ़ रही :* असमानता बढ़ रही है...महंगी एसयूवी की तेजी से बढ़ती बिक्री एवं आम यात्री कारों की सुस्त बिक्री यह संकेत देती है कि आर्थिक वृद्धि का बड़ा हिस्सा केवल संपन्न वर्ग तक सीमित रह गया है। व्यापक स्तर पर असमानता से आय में वृद्धि नहीं हो रही है और निवेश का माहौल कमजोर है।

### कार बिक्री में बहुत कम वृद्धि

रमेश ने लिखा, '' कारों की बिक्री को लंबे समय से भारतीय अर्थव्यवस्था की सेहत का संकेतक माना जाता रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में इस संबंध में विच्छेद आया है। मध्यम दर से बढ़ रही जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के बावजूद कार बिक्री में बहुत कम वृद्धि हो रही है।

---


## खबर संक्षेप

### इंटेलसैट को भारत में सीधे उपग्रह प्रसारण की मंजूरी




**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित इंटेलसैट घरेलू मीडिया संगठनों को सीधे उपग्रह कवरेज देने के लिए भारत सरकार से मंजूरी पाने वाली पहली विदेशी उपग्रह परिचालकों में से एक बन गई है। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन केंद्र से मंजूरी हासिल करने के बाद उसे भारत की तीन सबसे बड़ी मीडिया कंपनियों से नया व्यवसाय मिला है।

### लाल सागर मार्ग से अब होने लगा है भारतीय निर्यात



**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने कहा कि भारतीय निर्यात खेप धीरे-धीरे लाल सागर मार्ग से फिर से गुजरने लगी हैं। क्षेत्रीय तनाव के कारण यह मार्ग महीनों बाधित रहा था। अब धीरे-धीरे इस मार्ग से वस्तुओं की आवाजाही हो रही है जो निर्यात में सुधार का संकेत है। यमन के हूती आतंकवादियों के हमलों के कारण बिगड़ गया था।

### बेलराइज का शेयर 11% की तेजी के साथ सूचीबद्ध

BELRISE INDUSTRIES

**नई दिल्ली।** मोटर वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी बेलराइज इंडस्ट्रीज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से 11 प्रतिशत की तेजी के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 9.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.50 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

### मार्च तिमाही में एफडीआई 24.5 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत घटकर 9.34 अरब डॉलर रह गया। पूरे वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान देश में एफडीआई का प्रवाह 13 प्रतिशत बढ़कर 50 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 44.42 अरब डॉलर था।

### हीरो फिनकॉर्प को आईपीओ लाने की सेबी से मिली मंजूरी




**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प के वित्तीय सेवा प्रभाग हीरो फिनकॉर्प को 3,668 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। सेबी के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 2,100 करोड़ रुपये के नए निर्गम और 1,568 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा।

### इंडिगो ने विक्रम सिंह मेहता को चेयरमैन किया नियुक्त



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बुधवार को वेंकटरमणी सुमंत्रन की जगह विक्रम सिंह मेहता को नया चेयरमैन नियुक्त करने की घोषणा की। मेहता मई, 2022 से इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड के निदेशक मंडल के सदस्य हैं। इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ही करती है। मेहता चेयरमैन के पद पर सुमंत्रन की जगह लेंगे, जिन्होंने निदेशक के तौर पर अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पद छोड़ दिया था।

---

### उपभोक्ता मामलों के सचिव खरे ने अनुपालन करने कहा

# एमएसएमई गुणवत्ता मानकों का पालन करे, अधिक उत्तरदायी बनें

- समस्याओं को साझा करने व समाधान खोजने सक्रिय हो
- उद्योग गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने आगे आए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को एमएसएमई से उत्पादों के निर्माण के दौरान स्वैच्छिक और अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने उनसे समस्याओं को साझा करने और उसका समाधान खोजने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने का आग्रह किया।

यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इसे हासिल करने में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) की प्रमुख भूमिका होगी।

### लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें

सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अपनी समस्याओं को साझा करने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने की जरूरत है और उद्योग से नए मानकों की मांग करने के साथ-साथ इन गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने को कहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें।

### भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर




### परीक्षण सुविधा की स्थापना हो

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उद्योग के प्रतिभागी किसी भी कठिनाई के दौरान सहायता के लिए मंत्रालय से संपर्क कर सकते हैं, चाहे वह मानकों का निर्माण हो या परीक्षण सुविधा की स्थापना। खरे ने कहा, ''..हम इसे स्थापित करेंगे। हम नहीं चाहते कि आपको परेशानी हो।'' सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अधिक उत्तरदायी होना होगा।

### उद्योग मानकों की मांग करें

खरे ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा, ''भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो एमएसएमई ही यह चमत्कार कर सकते हैं। इसलिए आप (एमएसएमई) मानकों का पालन किए बिना या उनके अनुरूप काम किए बिना यह चमत्कार नहीं कर सकते। इसलिए मानकों की मांग करें।''

### अब भी 23 हजार मानक

खरे ने कहा, ''यहां तक कि युगांडा और रवांडा में भी भारत की तुलना में अधिक क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश), अधिक तकनीकी विनियमन हैं। क्या आप फिर भी शिकायत करेंगे? सचिव ने कहा कि अब भी 23,000 भारतीय मानक हैं जो पूरी तरह से स्वैच्छिक व्यवस्था में हैं।

### बीआईएस में तेजी से सुधार की क्षमता

सचिव ने उद्योग से मानकों के समयबद्ध निर्माण की मांग करने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार और उसके विभाग ऐसा करेंगे। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) में मानकों को बहुत तेजी से तैयार करने की क्षमता है।

### नई प्रयोगशाला स्थापना पर 78 करोड़ मंजूर

हाल ही में मौजूदा परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने और नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। खरे ने कहा, ''आखिरकार, कोई भी राष्ट्र जो विकास करता है, उसे अपने माल और सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होती है। इसमें कोई परहेज नहीं हो सकता, या गुणवत्ता की चिंता में कोई छूट नहीं दी जा सकती।''

### उद्योग की ओर से शायद ही भागीदारी

सचिव ने बताया कि जब भी मानक तैयार किए जाते हैं, तो उद्योग की ओर से शायद ही कोई भागीदारी होती है। खरे ने कहा, ..शिक्षाविद, क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञ...वास्तव में मानक ला रहे हैं, जबकि यह मानक, उद्योग के लिए और उद्योग द्वारा होने चाहिए...।'' उन्होंने यह बात, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए एक गैर-लाभकारी संगठन इंडिया एसएमई फोरम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कही।

---

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ सेंसेक्स 239 अंक टूटा, आईटीसी में तीन प्रतिशत की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 239 अंक के नुकसान में रहा। आईटीसी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली आईटीसी में ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी द्वारा हिस्सेदारी घटाये जाने के बाद कंपनी का शेयर टूटा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक टूटकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 73.75 अंक की गिरावट के साथ 24,752.45 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि बृहस्पतिवार को वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के अनुबंध की समाप्ति और जीडीपी तथा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने से पहले प्रमुख सूचकांक काफी हद तक सीमित दायरे में रहे। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), वाहन और औषधि शेयरों में गिरावट आई जबकि बैंक, मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, मीडिया और ऊर्जा शेयरों में तेजी रही।

*इन शेयरों में रही गिरावट :* सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

*अदाणी पोर्ट्स रहा लाभ में :* दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और एचसीएल टेक शामिल हैं।

### एलआईसी का शेयर आठ प्रतिशत चढ़ा

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के शेयर में बुधवार को आठ प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत बढ़ने की सूचना के बाद इसके शेयर में उछाल आया। बीएसई में भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर 8.21 प्रतिशत चढ़कर 942.55 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 45,223.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,96,162.66 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

---

# लंदन की कंपनी बीएटी ने आईटीसी में 12,927 करोड़ रुपए में बेची हिस्सेदारी

■ बीएटी पीएलसी ने अपनी 2.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ITC Limited

ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी ने आईटीसी में अपनी 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 12,927 करोड़ रुपये (1.51 अरब डॉलर) में बेच दी है। मौजूद सौदे की शर्तों से जुड़े संशोधित दस्तावेजों के अनुसार, ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको (बीएटी) ने अपनी शाखा टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से कोलकाता स्थित आईटीसी में हिस्सेदारी बेच दी।

■ आईटीसी के शेयरों में चार फीसदी की गिरावट दर्ज

नवीनतम लेनदेन से पहले, बीएटी के पास अपने सहयोगियों रोथमैन्स इंटरनेशनल एंटरप्राइजेज, माइडलटन इन्वेस्टमेंट कंपनी और टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड के जरिये आईटीसी लिमिटेड में संयुक्त रूप से 25.44 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### छह माह की लॉक अप अवधि होगी

विक्रेता और उसके सहयोगी बिक्री के बाद छह महीने की 'लॉक-अप' अवधि के अधीन होंगे। बीएटी पीएलसी ने मंगलवार को लंदन शेयर बाजार को दी सूचना में बताया था कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड में अपनी कुछ हिस्सेदारी बेचने का इरादा रखती है।

### लेनदेन बीएटी को वित्तीय मजबूती देगा

यह लेन-देन बीएटी को वित्तीय मजबूती प्रदान करेगा, क्योंकि यह बदलाव ऋण शोधन और स्थायी शेयरधारक 'रिटर्न' में निवेश करने की उसकी प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। आईटीसी में बीएटी का शुरुआती निवेश 1900 के दशक की शुरुआत में हुआ था और दोनों कंपनियों के बीच लंबे समय से पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध हैं।

---

### बीसी जिंदल को मिली 150 मेगावाट की परियोजना ...



**नई दिल्ली।** बीसी जिंदल ग्रुप ने बुधवार को कहा कि उसे सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) की नीलामी में 150 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना मिली है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह परियोजना सेकी की 24 घंटे उपलब्ध 1,200 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना का हिस्सा है। इसके लिए निविदा पिछले साल नवंबर में जारी की गई थी। समूह ने 5.07 रुपये/किलोवाट प्रति घंटे की दर पर कुल क्षमता में से 150 मेगावाट हासिल किया है। परियोजना के तहत, समूह अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) से जुड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करेगा। इसमें पारेषण नेटवर्क का निर्माण और आईएसटीएस नेटवर्क के साथ इंटरकनेक्शन या डिलिवरी पॉइंट स्थापित करना शामिल होगा।

---

# एनएमडीसी का शुद्ध लाभ 5% बढ़कर 1,483 करोड़ रुपए

■ कंपनी की कुल आय बढ़कर 25,498.84 करोड़ रुपये रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 1,483.18 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,415.62 करोड़ रुपये था। एनएमडीसी की कुल आय बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 7,497.17 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6,908.37 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,538.82 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले साल 5,571.25 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 25,498.84 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 22,678.73 करोड़ रुपये थी।

---

# सोना 500 और चांदी 1000 रुपए रही तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी बुधवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में, मंगलवार को चांदी की



■ सोना बढ़कर 99,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर

कीमत 1,370 रुपये टूटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 23.16 डॉलर प्रति औंस या 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3,323.87 डॉलर प्रति औंस हो गया।

*फेड की घोषणा का इंतजार :* कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोने की कीमतों में तेजी रही, क्योंकि बाजार एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के विवरण और आगे की नीतिगत संकेतों के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों की प्रतीक्षा कर रहे थे।

---

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि अप्रैल में घटकर 2.7 प्रतिशत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन का असर

■ बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन भी कमजोर रहा

विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण भारत की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अप्रैल में सुस्त पड़कर 2.7 प्रतिशत रह गयी। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा गया औद्योगिक उत्पादन अप्रैल, 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मार्च के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 3.9 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पिछले महीने यह अनुमान तीन प्रतिशत बताया गया था। भारत की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर फरवरी में 2.7 प्रतिशत थी।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि अप्रैल में थोड़ी कम होकर 3.4 प्रतिशत रह गई जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन की वृद्धि भी अप्रैल, 2025 में धीमी होकर एक प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 10.2 प्रतिशत थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि अप्रैल 2025 में बढ़कर 20.3 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.8 प्रतिशत थी।

### प्राथमिक वस्तुओं के निर्माण में गिरावट दर्ज

बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं में अप्रैल में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि से कम है। आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में अप्रैल 2025 में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि एक साल पहले इसमें सात प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

---

### जेन एआई से हर उद्योग को सकारात्मक लाभ होगा

# टीसीएस ने जेन एआई को 'सभ्यतागत बदलाव' दिया करार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का मानना है कि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) महज एक और प्रौद्योगिकी चक्र नहीं है, बल्कि एक 'सभ्यतागत बदलाव' है जिससे हर उद्योग को सकारात्मक लाभ होगा।

■ 30 अरब डॉलर की आईटी कंपनी लोगों के साथ मिलकर काम करेगी

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बताया कि 30 अरब डॉलर की आईटी सेवा कंपनी भविष्य में मनुष्यों के साथ मिलकर काम करने और ''मानव+एआई'' मॉडल में समाधान देने के लिए एआई एजेंट का एक ''बड़ा गुट'' बनाएगी।

### निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी नियोक्ता है टीसीएस

चंद्रशेखरन ने कहा कि कंपनी के पास 2025 में सबसे बड़ा एआई-प्रशिक्षित कार्यबल होगा और उसने 'टीसीएस विजडमनेक्स्ट' नाम से एक एंटरप्राइज-ग्रेड जनरल एआई मंच भी पेश किया है। कंपनी मार्च 2025 तक 6.07 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने वाली निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी नियोक्ता भी है।




*कंपनी ने शेयरधारकों को दिया संदेश :* चंद्रशेखरन ने मंगलवार देर रात प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में कंपनी के शेयरधारकों को अपने संदेश में लिखा, मानवीय तर्क क्षमताओं को प्राप्त करते हुए, जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) महज एक और प्रौद्योगिकी चक्र नहीं है, यह एक सभ्यतागत बदलाव है।''

### चार अलग योजनाएं बनाई जा रही

चेयरमैन ने कहा, '' भविष्य की ओर देखते हुए, हम चार अलग-अलग प्रगति की योजना बना रहे हैं। सबसे पहले, हम अपने मानव कार्यबल के साथ काम करने वाले एआई एजेंट का एक बड़ा समूह स्थापित करते हैं। दूसरा, हम मानव+एआई मॉडल के माध्यम से समाधान प्रदान करते हैं।'

### स्टार्टअप के साथ करेंगे साझेदारी

चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस एआई डेटा सेंटर तथा क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में भी निवेश करेगी और हार्डवेयर प्रदाताओं, समाधान नवप्रवर्तकों एवं स्टार्टअप के साथ साझेदारी करेगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के. कृतिवासन ने कहा कि ग्राहक तेजी से उपयोग-आधारित दृष्टिकोण से निवेश-आधारित एआई के विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### नौकरियों की प्रकृति में आएगा बदलाव

टीसीएस उन्हें उत्कृष्टता के एआई केंद्र, एआई प्रयोगशालाएं स्थापित करने और 150 से अधिक एआई एजेंट के साथ व्यापार संचालन के लिए डोमेन-विशिष्ट एआई समाधान प्रदान करने में मदद कर रही है। टीसीएस के अधिकारियों का कहना है कि एआई का नौकरियों पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन नौकरियों की प्रकृति में बदलाव आएगा।

## चिंतन

# औद्योगिक गिरावट आर्थिक ग्रोथ के लिए चिंता की बात

केवल भावनात्मक मुद्दों पर धन व संसाधन को व्यर्थ करने के बजाय सरकार को उद्योग क्षेत्र की मजबूती पर ध्यान देना चाहिए। सुस्ती का सामना कर रही चीन की अर्थव्यवस्था भी भारत के आंकड़ों में तेज जीडीपी वाली अर्थव्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। अमेरिका भी विश्व में आपदा में अवसर के सिद्धांत से ट्रेड वार, टैरिफ वार और रक्षा निर्यात से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है, जबकि विश्व में सबसे तेज ग्रोथ का तमगा ढो रही भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक मोर्चे पर लगातार मात खा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, अप्रैल में भारत के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रही, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का कमजोर प्रदर्शन है। पिछले साल यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। आईआईपी दर मार्च संशोधित 3.9 प्रतिशत और फरवरी में 2.7 फीसदी थी। चीन की अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो भारत से काफी अधिक है। मार्च में चीन की औद्योगिक उत्पादन दर 7.7 फीसदी थी। इससे पहले आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर की वृद्धि दर में काफी कमी दर्ज की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के आठ आधारभूत उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन वृद्धि दर भी अप्रैल में भारी गिरावट के साथ आठ महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल 2024 में वृद्धि दर 6.9 फीसदी थी। इस गिरावट का मुख्य कारण रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट और पिछले साल की उच्च आधार दर रही। कोर सेक्टर के आठ उद्योग (क्रूड ऑयल, उर्वरक, बिजली, इस्पात, सीमेंट, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और कोयला) आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान करते हैं। क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) का उत्पादन -2.8 प्रतिशत रहा, जो लगातार चौथे महीने गिरावट में रहा। रिफाइनरी उत्पादों में -4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछले आठ महीनों में पहली बार है। उर्वरकों का उत्पादन भी -4.2 प्रतिशत गिरा, जो 11 महीनों में पहली गिरावट है। सीमेंट का उत्पादन 6.7 फीसदी की दर से बढ़ा, लेकिन यह वृद्धि दर भी छह महीने के निचले स्तर पर रही। बिजली उत्पादन में भी सिर्फ 1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो सात महीने की सबसे कमजोर दर है। इस्पात (स्टील) की वृद्धि दर घटकर 3 प्रतिशत रह गई। कोर इंडस्ट्री सेक्टर के प्रदर्शन का आईआईपी पर सीधा प्रभाव पड़ता है। कमजोर आईआईपी उद्योग के प्रदर्शन, रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से रोजगार और वेतन वृद्धि में कमी आएगी, निर्यात पर असर पड़ेगा, वैश्विक निवेश सेंटिमेंट प्रभावित होगा और अंततः महंगाई में वृद्धि होगी। आईआईपी कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और निवेश को भी प्रभावित करता है। भारत की औद्योगिक कमजोरी को देखते हुए ही लगभग सभी वैश्विक रेटिंग व वित्तीय एजेंसियों ने अपने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को संशोधित कर घटा दिया है। एफडीआई में भी कमी दर्ज हुई है। भारतीय कंपनियां भी नए निवेश कम कर रही हैं। जमीनी स्तर पर औद्योगिक क्षेत्रों की हालत सुधारे बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। अमेरिका व चीन के बीच जारी टैरिफ वार के बाद विश्व में उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए भी भारत को अपने औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना होगा। सरकार को 'ऑपरेशन उद्योग' पर भी फोकस करना चाहिए। आर्थिक सुधार, नीतिगत रफ्तार, निवेश, इनोवेशन व घरेलू मांग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।



कूटनीति
राज कुमार सिंह

# ट्रंप के पाक-प्रेम से सबक सीखे भारत

ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं।

कभी जिन डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनमें संवादहीनता का असर अमेरिका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं।

यह बहस का विषय है कि दो देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-गाजा युद्ध में किसी ने नहीं सुनी तो भारत और पाकिस्तान के बीच ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किए जा सकते।

बेशक अतीत में भी अमेरिका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले तीन दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत के बीच परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात प्रारंभ से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि चार साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वादों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था? अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, दो बड़े कारोबारी साझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए गंभीर आरोप लगाया। दो देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर ही तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दिया, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा।

अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो सकता है तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप



बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है। ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कंपनियों पर भी भारत के बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार तो हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल- जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब 2013 में अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन पिछले दिनों रियाद में ट्रंप उसी के साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से ही संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमेरिका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था। भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी देकर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है।

इसके बावजूद ट्रंप ऐसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उसके कारण भी होंगे। शीत युद्ध काल में अफगानिस्तान से सोवियत संघ समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए, अमेरिका के लिए ही, पाकिस्तान ने तालिबानी आतंकवाद को पाला-पोसा। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अंतरराष्ट्रीय मीडिया में स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनका देश पश्चिमी देशों के लिए यह पाप अरसे से करता रहा है। बेशक अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल अपनी भू-राजनीतिक रणनीति में करता रहा है। बदले में उसे खुले हाथों सैन्य और आर्थिक मदद दी जाती रही है। ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भी सब कुछ वैसे ही चल रहा है। भविष्य में भी यह मदद रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आती। खुद आर्थिक मदद देने के अलावा पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में भी अमेरिका की भूमिका रही।

दरअसल, अमेरिका के रणनीतिक हितों के अलावा अब कारोबारी हितों की भी चर्चा है। पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो करंसी डील करने वाली अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार के भी कारोबारी हित बताये जाते हैं। उधर पाकिस्तान की खनिज संपदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले एक आतंकवादी देश पाकिस्तान पर इस मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता की खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक लेकर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नये सिरे से तय करनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

सीएपीएफ
सुनील कुमार महला



# सुप्रीम कोर्ट का मनोबल बढ़ाने वाला फैसला!

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक व बड़े फैसले में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक (आईजी) स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति कम करने का निर्देश दिया है, ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कैडर अधिकारिक के लिए मनोबल बढ़ाने वाला फैसला कहा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से उनके मनोबल पर 'प्रतिकूल प्रभाव' पड़ सकता है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए, यह नहीं हो सकता कि उन्हें एक लाभ दिया जाए और दूसरे से वंचित रखा जाए। यह बहुत ही काबिले-तारीफ है कि अब केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में ओजीएएस (संगठित समूह ए सेवा) के लिए बाकायदा छह माह की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सीएपीएफ अधिकारियों की पदोन्नति और उनको फाइनेंशियल प्रोफिट (लाभ) की उम्मीदें बंध गई हैं। इस क्रम में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चार वर्ष से लंबित कैडर रिव्यू प्रक्रिया, उक्त अवधि में ही पूरी किए जाने के आदेश दिए हैं। बता दें कि 3 सितंबर 2015 को अदालत ने अपने फैसले में सीएपीएफ को 1986 से 'संगठित समूह ए सेवा' घोषित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इसका फायदा नहीं मिल पा रहा था। गौरतलब है कि सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) में ओजीएएस का मतलब है 'संगठित समूह ए सेवा।' दरअसल, ओजीएएस एक ऐसा संगठन है जो भारत सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए बनाया गया है, जैसे कि आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि। वास्तव में, सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा मिलने का मतलब है कि सीएपीएफ के अधिकारी भी आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के समान लाभ प्राप्त करेंगे, जैसे कि पदोन्नति और गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई 2019 को, सर्वोच्च न्यायालय ने सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा देने का आदेश दिया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात मानी है कि सीएपीएफ अधिकारी, देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के साथ-साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करने और देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में उनकी समर्पित सेवा को अनदेखा या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, अपने करियर में बहुत अधिक ठहराव का सामना कर रहे हैं। अदालत ने इन बलों में बतौर प्रतिनियुक्ति बाहर से आने वाले अधिकारियों की संख्या (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के स्तर तक) को धीरे-धीरे कम किए जाने के साथ ही उनकी सेवा अवधि अधिकतम 2 वर्ष तक सीमित करने की बात भी कही है। इस ग्रेड में आईजी (महानिरीक्षक) रैंक वाले अधिकारी आते हैं। यानी कुछ वर्षों के दौरान इन बलों में आईजी रैंक तक आईपीएस प्रतिनियुक्ति को खत्म किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि प्रतिनियुक्ति पदों में यह कमी सीएपीएफ कैडर अधिकारियों को बलों के प्रशासनिक कामकाज में अधिक भागीदारी करने की अनुमति देगी और लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करेगी। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदेश दिया है कि सभी सीएपीएफ में कैडर समीक्षा, जो वर्ष 2021 में होनी थी, आज से छह महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए। हालांकि, गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए यह बात कही है कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक 'महत्वपूर्ण हिस्सा' हैं। ये बल विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, इसलिए आईपीएस अधिकारी सीएपीएफ के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी हैं, जिससे संबंधित राज्य सरकारों और उनके संबंधित पुलिस बलों के साथ सहयोग की सुविधा मिलती है, जिससे संघीय ढांचे को संरक्षित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने सीएपीएफ में महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' करने का आदेश दिया है, ताकि कैडर अधिकारी अपने जायज हक से वंचित न हों और उन्हें पदोन्नति के अधिक अवसर मिलें। उम्मीद है कि इस फैसले से पांचों केंद्रीय पुलिस बलों-सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के कैडर अफसरों को उनका जायज हक मिल सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## गलत काम जीवन की तपस्या कर सकता है बर्बाद



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### केंद्र-राज्यों की एकजुटता जरूरी

हाल ही में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिलिंग की बैठक में यह जो विचार किया गया कि देश के विकास के लिए केंद्र और राज्यों का सहयोग जरूरी है, यह विचार बहुत अच्छा और जरूरी है, क्योंकि सभी राज्यों के विकास से ही दुनिया के सामने देश के विकास की तस्वीर सामने आती है। कुछ राज्य विकास के मामले में नंबर वन बनने की रेस में आगे हैं, पर कुछ फिसड्डी हैं। केंद्र सरकार देश के हर राज्य के लिए एक बराबर योजनाओं को अमल में लाती है, लेकिन अक्सर यह भी देखा जाता है कि केंद्र और राज्य में अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के सत्ता में होने के कारण कुछ राज्य केंद्र की नीतियों को अपने यहां उचित रूप से लागू नहीं करते हैं। जब केंद्र-राज्य एक साथ चलेंगे, तभी विकास संभव है। – *अजय पांडे, सरायपाली*

## ट्रेंड


### पद्म पुरस्कार विजेता



नागरिक अलंकरण समारोह-II में भाग लिया, जहाँ पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पद्म पुरस्कार विजेताओं ने हमारे समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों की जीवन यात्रा अत्यंत प्रेरक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नागरिकों से सीधा संवाद



आज जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों से सीधा संवाद हुआ। हम केवल समस्याएं नहीं सुनते- हम समाधान सुनिश्चित करते हैं। हर आवाज़ हमारे लिए मूल्यवान है और हर समस्या का समाधान हमारी ज़िम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### पंजाब किंग्स टीम को बधाई



पंजाब किंग्स की गतिशील टीम से मुलाकात की और इस सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। टीम मालिक प्रीति जिंटा और कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग को नेतृत्व के लिए विशेष धन्यवाद।

-राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी

### दोषारोपण का खेल



जीवन को दोषारोपण का खेल मत बनने दो। तुम्हारे पास इसके लिए पर्याप्त समय नहीं है.. क्योंकि जब भी तुम दूसरों को दोष देते हो, तो तुम खुद पर दोषारोपण का बोझ ढोते हो।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### हिमालय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है नेपाल : मंत्री

नेपाल के संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि के खतरे से जूझ रहे हिमालय को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है और नेपाल सरकार इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पांडे ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण, पर्वतारोहण प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है ताकि सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। एवरेस्ट शिखर सम्मेलन के मौके पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पांडे ने कहा कि पिछले साल सरकार द्वारा गठित एक टीम ने माउंट एवरेस्ट से 11 टन कचरा, चार शव और एक कंकाल हटाया था। पांडे ने पर्वतारोहियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए हिमालयी संस्कृति के संरक्षण और पर्वतों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्वत मार्गदर्शकों, बचाव टीमों और श्रमिकों के योगदान को भी सम्मानपूर्वक याद किया और कहा कि उनके समर्पण से पर्वत अभियानों को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के अवसर पर मंत्री ने 10 भारतीय पर्वतारोहियों समेत 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया।



## ऑफ बीट

### ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य

सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं। वर्ष 2024 में मनोवैज्ञानिक एड्रियानो लामीरा और उनके सहयोगियों द्वारा ओरंगुटान संचार पर किए गए शोध में ओरंगुटान की एक अलग प्रजाति, जंगली बोर्नियन ओरंगुटान (पोंगो पाइग्मियस वुर्मबी) पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने केवल नरों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली एक प्रकार की ध्वनि का अध्ययन किया, जिसे लम्बी पुकार के नाम से जाना जाता है, और पाया कि लम्बी पुकारें लयबद्ध पदानुक्रम के दो स्तरों में व्यवस्थित होती हैं। इसका पता लगाने के लिए हमने जंगली मादा सुमात्रा ओरंगुटान की चेतावनी भरी आवाजों का अध्ययन किया और कुछ आश्चर्यजनक बातें पाईं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

**लाइफ Style**



# नोरा

## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

**हॉलीवुड मसाला**



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

**टीवी मसाला**



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी।



उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।

# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।



# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।

**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।



**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।

**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।

### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा



साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।



# भुगतान न मिलने पर किसान आत्महत्या को होंगे मजबूर

**जबलपुर।** क्षेत्रीय किसानों ने कंटगी सोसाईटी के प्यासी वेयर हाउस में शासन द्वारा नियुक्ति खरीदी केंद्र में नियमनुसार धान विक्रय की थी, किन्तु पांच माह के पश्चात भी पीड़ित किसानों का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है, यह कि किसान आर्थिक मंदी से गुजर रहा है किसानों के परिवार में शादी विवाह हैं, आपके द्वारा अश्वासन दिया गया था समिति के सदस्यों की कुर्की करके किसानों का भुगतान करेंगे, आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप किसानों के हित में निर्णय लेकर धान का भुगतान अविलंब करायेंगे। उक्त मांग लेकर किसान कलेक्ट्रेट कार्यालय जनसुनवाई में पहुंचे थे, एस.डी.एम. मैडम से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा, इस अवसर पर पूर्व पार्षद कमलेश साहू, दिनेश, दिनेश पटेल, कमलेश अग्रवाल, राजेंद्र झरिया, रोहित यादव, राजेश नामदेव आदि किसान मौजूद रहे।

## जिले में आज से प्रारंभ होगा कृषि संकल्प अभियान

# कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



**जबलपुर।** जबलपुर जिले में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जायेगा। पंद्रह दिनों के इस अभियान के दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं कृषि में अपनाये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जायेगी। जिला स्तर पर इस अभियान का शुभारंभ सांसद आशीष दुबे 29 जून को सुबह 9 बजे कृषि विज्ञान केंद्र आधारताल से करेंगे। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कृषि एवं इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों तथा जनपद पंचायतों के सीईओ की बैठक लेकर जिले में इस अभियान के प्रभावी संचालन के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ ए के सिंह, उप संचालक उघान डॉ नेहा पटेल तथा सहयोगी विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ किसान संघों के प्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में कहा कि अभियान के अंतर्गत कृषि की उन्नत तकनीकों एवं नवाचारों से अवगत कराने के साथ-साथ पराली प्रबंधन की जानकारी भी किसानों को दी जाये। उन्होंने मूंग उत्पादन एवं अन्य फसलों में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करने तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिये भी किसानों को प्रेरित करने पर जोर दिया। श्री सक्सेना ने बैठक में उपस्थित किसान संघों के प्रतिनिधियों से भी अपने स्तर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान का समुचित प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया।

बैठक में बताया गया कि जबलपुर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के सफल संचालन हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर चार दल गठित किये गये हैं और रूट चार्ट तैयार किया गया है। रूट चार्ट के अनुसार जिले की 180 ग्राम पंचायतों के 382 ग्रामों में 29 मई से 12 जून तक निरंतर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। दल क्रमांक-एक द्वारा पनागर विकासखण्ड की 24 ग्राम पंचायतों के 75 ग्रामों एवं जबलपुर विकासखंड की 21 ग्राम पंचायतों के 44 ग्रामों, दल क्रमांक-दो द्वारा शहपुरा विकासखण्ड की 24 ग्राम पंचायतों के 44 ग्रामों एवं पाटन विकासखंड की 21 ग्राम पंचायतों के 53 ग्रामों, दल क्रमांक-तीन द्वारा सिहोरा विकासखण्ड की 24 ग्राम पंचायतों के 55 ग्रामों एवं कुण्डम विकासखंड की 21 ग्राम पंचायतों के 38 ग्रामों तथा दल क्रमांक-चार द्वारा मझौली विकासखण्ड की 45 ग्राम पंचायतों के 73 ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को लाभांवित किया जायेगा।



# धनगर महासंघ ने किया रैली का स्वागत

**जबलपुर।** लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर अहिल्याबाई होल्कर मंच द्वारा तिलवाराघाट जबलपुर में 28 मई को रैली निकाली गई। रैली का भव्य स्वागत आदि शंकराचार्य चौक समन्वय सेवा केन्द्र गोरखपुर के समक्ष आल इंडिया धनगर समाज महासंघ जबलपुर महानगर ने किया। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे प्रसिद्ध भागवताचार्य जितेन्द्र व्यास धनगर, अर्जुन याद, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल धनगर, सुषमा यादव प्रदेश सचिव महिला, प्रदेश सचिव डॉ. बालमुकुंद यादव, गोपाल पाली जिला अध्यक्ष, अर्चना यादव जिला अध्यक्ष महिला, संजय सेन, संतोष झारिया भाजपा, एड. रमाशंकर यादव, एड. विनोद यादव, शोभा पाल, संध्या यादव, कविता धनगर, दिव्या यादव, पूजा यादव, मंजू यादव, मीनू नीखरे, नमामि शंकर महावर, अंकित धनगर, एड. संतोष यादव, राकेश बारी, रवि बने, बबली बावरिया, डॉ. भरत पाल एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रैली की अगुवाई कर रहे मोती श्रीपाल का सभी ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के पूर्व लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ में पदाधिकारियों की हुई नियुक्तियां



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 27 मई को जिला चिकित्सालय सेठ गोविंददास विक्टोरिया अस्पताल में जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय की अनुशंसा पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है, जिसमें वीरेन्द्र चंदेल को उपाध्यक्ष एवं आकाश गुप्ता को सहसचिव कार्यकारिणी के देवेन्द्र कुमार पचौरी सचिव एवं आलोक अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष, अजय कुरील, सुरेन्द्र वर्मा ने पुष्पमाला पहनाकर एवं नियुक्ति पत्र प्रदान कर नियुक्त किया। समस्त कर्मचारियों ने इन नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर मप्र राजय कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री रजनीश विश्वकर्मा, अटल उपाध्याय, देवेन्द्र कुमार पचौरी, अजय कुरील, लक्ष्मण साहू, सुरेन्द्र वर्मा, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, मनीष दास, एसपी बाथरे, अंकित चौरसिया, आयुष कोरी, प्रवीण सोनी, विनोद धुर्वे, विजय ठाकुर, केके शर्मा, कमलेश पटेल, उपमा श्रीवास्तव, सुलोचना यादव, नेहा राव, विनीता विलियम, प्रज्ञा दुबे, उर्मिला शुक्ला, गीता बेन, आरती अहिरवार सहित अन्य ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की।

# कु. पूजा नागले को मिली पीएचडी

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा कुमारी पूजा नागले को वाणिज्य संकाय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य विषय 'ग्रामीण उपभोक्ताओं की ब्रांडेड उत्पाद के प्रति अभिरूचि का समीक्षात्मक अध्ययन (जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ में)' पर जीएस महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सी.के. चौकसे के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। वे स्वर्गीय कमल कुमार नागले एवं माया नागले की सुपुत्री हैं।



# रंगोली प्रतियोगिता को मिली सराहना विधायक नीरज सिंह ने भी किया अवलोकन

**जबलपुर।** दादा ठन ठनपाल वार्ड नंबर 72 की पार्षद अर्चना सिसौदिया ने अहिल्या बाई की 300वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजान सिसौदिया पैलेस में किया। कार्यक्रम में बरगी विधायक नीरज सिंह एवं भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन किया और बच्चों को सम्मानित किया। विधायक नीरज सिंह ने अपने उदबोधन में अहिल्या बाई के जीवन पर प्रकाश डाला कि किस तरह कठिनाइयों का सामना करते हुए, एक मछुआरे की कन्या अपनी काबिलियत से महल की महारानी बन जाती है और अपने पति के निधन के बाद वो अपना जीवन समाप्त करना चाहती थीं, वो सती होना चाहती थीं, लेकिन जब उन्हें उनके ससुर मल्हार राव ने बार-बार समझाया और राज्य की जिम्मेदारियों से अवगत कराया, तब उन्होंने सती होने का फैसला त्याग दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री राजेश दाहिया, धीरज पटेल, मनोज पटेल, शिव पटेल, प्रमोद पटेल, बाबू सिंह, पार्षद अर्चना सिसौदिया, सोनिया रणजीत सिंह, मोनिका सिंह, प्रतिभा भापकर, भेड़ाघाट परिषद पार्षद संध्या सिंह, शोभा उपाध्याय, श्रीमती छाया जैन, नीता जैन, गीता तिवारी, सीमा द्विवेदी, बूथ अध्यक्ष यशवंत सिंह, बूथ अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, बूथ अध्यक्ष शंभूदयाल सोनी आदि मौजूद रहे।



# एक दिवसीय दंगल में हुई 80 जोड़ी कुश्तियां



**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सबाबूलाल पहलवान की स्मृति में एक दिवसीय दंगल का आयोजन 25.05. 2025 को कैथल परिवार द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 80 जोड़ी कुश्तियां कराई गईं एवं विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस दंगल आयोजन में पनागर कुश्ती मंडल द्वारा जगदीश खलीफा जबलपुर के विख्यात पहलवान जबलपुर को 90 किलो लड्डुओं से तौला गया एवं अशोक पहलवान, सुरेश पहलवान, विनोद पहलवान, राकेश पहलवान का भी स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में पनागर कुश्ती मंडल के रमेश पहलवान (पनागर केसरी), मनोज पहलवान, मुकेश खलीफा, दीनू खलीफा, निम्मा खलीफा, गिरवर खलीफा, राजकुमार खलीफा, शनि पहलवान, अमन पहलवान का पूर्ण सहयोग सराहनीय रहा।



# महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर क्षत्रिय राजपूत समाज की शौर्ययात्रा आज

**जबलपुर।** क्षत्रिय राजपूत समाज के तत्वावधान में आगामी 29 मई 2025 को नगर पालिक निगम मुख्यालय के सामने स्थित महाराणा प्रताप परिसर में राष्ट्रीय धरोहर भारत गणराज्य की स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम पुरोधा क्षत्रिय कुल सूर्यवीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के सुअवसर पर क्षत्रिय परम्परा का निर्वहन करते हुये सायंकाल 5 बजे सिविक सेंटर चौपाटी राजीव गांधी चौक, करमचंद चौक, अंजुमन स्कूल, मालवीय चौक, महाराणा प्रताप चौक होते हुए गंतव्य स्थल महाराणा प्रताप परिसर तक विशाल शौर्ययात्रा का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जिसमें अश्वरोही दल, बैण्ड-धमाल आदि के साथ सर्वप्रथम मातृशक्ति क्षत्राणियाँ, संत, महापुरूष, गणमान्य अतिथि, समाज के बुजुर्ग, क्षत्रिय बंधु व संस्कारधानीवासी पूर्ण शालीनता से पंक्तिबद्ध होकर शौर्य यात्रा में शामिल होंगे। शौर्य यात्रा का स्वागत सिंधी, ब्राह्मण, जैन, मुस्लिम, कायस्थ एवं सिक्ख समाज तथा अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर मंच लगाकर किया जाएगा। महाराणा प्रताप परिसर में महाराणा प्रताप की विश्व की सबसे वृहद स्थापित चेतकारूढ़ प्रतिमा के सानिध्य में विधि-विधान से मंत्रोच्चारों के साथ आराध्य देव श्रीराम व महाराणा प्रताप के छायाचित्रों का पूजन-अर्चन व माल्यार्पण किया जावेगा, तत्पश्चात वरिष्ठ संरक्षकों व संयोजकों का उद्बोधन होगा। आभार प्रदर्शन, भोजन व प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।पत्रकार वार्ता में संयोजक मंडल के जगत बहादुर सिंह अन्नू (महापौर), जी.एस. ठाकुर (पूर्व नगर अध्यक्ष), भा.ज.पा लेखराज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र सिंह (प्रदेश अध्यक्ष) उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्रेशन समाप्त होने पर 44 आटो जब्त किए गए



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय (मा.पु.से) के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात जबलपुर श्रीमती सोनाली दुबे के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवरथा के सुगम संचालन हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक जबलपुर द्वारा आटो चालक/ मालिकों पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने हेतु विशेष अभियान दिनांक 23.05.2025 से 29,05.2025 तक चलाये जाने हेतु आदेशित किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा ऐसे आटो वाहन जिनका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका है, किंतु वर्तमान में शहर में संचालित होने से नगर की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, ऐसे आटो वाहन की जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। आटो पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आज दिनांक तक कुल 44 आटो को जप्त किया गया है। उक्त अभियान आगामी दिनों में भी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर जारी रहेगा।

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO. JC-379582H RANK EX-SUB NAME BHRIGUNATH SINGH S/O LATE SUDAMA SINGH R/O H NO. E-16, SAINIK SOCIETY, SITA PAHAD,, NEAR DUMNA TIRAHA, JABALPUR (MP)-482001 I, have changed name of my DAUGHTER from SIMPI to SIMPI KUMARI and my SON name from PRINCE to PRINCE KUMAR SINGH (name as per my DAUGHTER AND SON, AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 28/05/2025 (date of affidavit) formerly before PUBLIC NOTARY RAMDAS SHARMA Jabalpur MP (Name and place of Court).



# हजरत जिंदा शाह वली के 77वें उर्स-ए-अकदस का आगाज हुआ

**जबलपुर।** हजरत जिंदा शाह वली-ए-कामिल रह. अलैह के 77वें उर्स-ए-अकदस का आगाज सोमवार को अकीदत और मुहब्बत के साथ हुआ। बाद नमाज असर शाम 5 बजे रूमी चौक से एक भव्य संदल जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस में प्रमुख रूप से जहीर पहलवान, मोहम्मद यासीन, सलीम मासाब, शहीद कबाड़ी, डॉ. फरीद, छोटा जहीर, मोहम्मद हन्नान, राशिद राजा, शाहिद बिल्डर, मोहम्मद अन्नू, आबिद मुन्ना, शहीद ठेकेदार, मोहम्मद अबरार सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और जायरीन मौजूद थे। रूमी चौक से शुरू होकर यह जुलूस पूरी बस्ती का गश्त करते हुए आस्ताना-ए-आलिया पहुंचा, जहां परम्परानुसार मजार शरीफ पर चादर शरीफ व संदल शरीफ पेश किया गया। इसके उपरांत महफिल-ए-मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया, जिसमें उलमा-ए-किराम ने हजरत जिंदा शाह वली-ए-कामिल रह. अलैह की सीरत और उनके पैगाम पर रोशनी डाली।उर्स शरीफ के दूसरे दिन, 27 मई, मंगलवार को रात्रि 10 बजे से एक शानदार कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के जाने-माने कव्वाल हाजी मुकर्रम अली वारसी (भोपाल) ने अपने सूफियाना कलाम पेश किए। आयोजन समिति ने सभी अकीदतमंदों से इस मुबारक उर्स में शिरकत कर रूहानी फैज हासिल करने की गुजारिश की है।

# फ्लाईओवर को शीघ्र चालू किया जाए : संयुक्त किसान मोर्चा

**जबलपुर।** महाकोशल में जबलपुर आज पूरे मध्यप्रदेश में अपना एक अलग स्थान रखता है और महाकोशल के विकास को देखकर वर्तमान सरकार द्वारा मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर का कार्य जबलपुर में कराया गया है एवं अन्य और भी छोटे-छोटे फ्लावर का कार्य प्रकृति पर है परंतु देखा गया है कि जो भी फ्लाई ओवर बने पड़े सालों से तैयार हैं ठेकेदारों की साठगांठ कमीशन की कमी से अथवा बड़े नेताओं को खुश करने के चक्कर में आम जनता अत्यधिक परेशान है और जर्जर सड़कों पर चलने मजबूर है आने-जाने वाले लोग जाम में फंसकर काल के ग्रास बन रहे हैं, जनता केवल मूक दर्शक बनी है और अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। फ्लाईओवर के चालू न होने से शहर का विकास रुक गया है जिला सरकार से संयुक्त किसान मोर्चा ने मांग की है की अगर फ्लाई ओवर में किसी प्रकार की समस्या है तो उसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, जो भी उसमें खामियां हैं उसे दूर कर तुरन्त चालू करने की मांग किसान मोर्चा के राम रतन यादव, अधिवक्ता सुधीर शर्मा, सरमन रजक, विवेक अवस्थी, एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता, बैजनाथ कुशवाहा, संजय सेन, नरेश चक्रवर्ती, बिहारी पटेल, राज कुमार सिन्हा, गया प्रसाद कुशवाहा, नोनेलाल प्रज्ञा, रामकिशोर शिवहरे, आदि।

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO. 16013206Y RANK HAV NAME RAVI KUMAR CHOUHAN S/O SHRI RAM PRASAD CHOUHAN OF UNIT 20 RAJ RIF R/O 2458/A-13, ANURADHA COLONY, WATER WORKS ROAD, WARD NO. 66, DHOBIGHAT, TEMARBHITA, JABALPUR (MP)-482001 I, have changed name of my DAUGHTER from SHIYA CHAUHAN (Name as per my Army service records) to SHIYA CHOUHAN (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD AND BIRTH CERTIFICATE vide affidavit dated 28/05/2025 (date of affidavit) formerly before PUBLIC NOTARY RAMDAS SHARMA Jabalpur MP (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SHIYA CHOUHAN
INCORRECT NAME-SHIYA CHAUHAN

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग गोरखपुर
जिला जबलपुर म.प्र.
रा.प्र.क. /अपील/2025-26
01- अरुणा यादव पिता स्व.श्री शंकरलाल यादव निवासी रामपुर जबलपुर म.प्र.........अपीलार्थीगण
विरूद्ध
01- श्री गिरिजाशंकर दीक्षित पिता श्री कृष्ण चंद दीक्षित वगैरह निवासी बाई का बगीचा घमापुर जबलपुर म.प्र.....................गैरअपीलार्थीगण
आम सूचना एवं इश्तहार
एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी अरूणा यादव पिता स्व.श्री शंकर लाल यादव वगैरह निवासी रामपुर जबलपुर म.प्र. द्वारा विचारण न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर के रा.प्र.क. 3242/अ-6/2023-24 आदेश पारित दिनांक 15/04/2021 से व्यथित होकर अपील आवेदन अंतर्गत म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा रामपुर नं.बं. 001 प.ह. नं. 22 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 22 / 3 रकवा 2400 वर्गफुट हे. भूमि संपत्ति पर दर्ज श्री गिरिजा शंकर दीक्षित, दिगम्बर दयाल दीक्षित वगैरह निवासी बाई का बगीचा घमापुर जबलपुर म.प्र. के नाम पर दर्ज भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 06/06/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एव आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते है। नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नही की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा ।
आज दिनांक 21/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।
सील अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र.

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ग्राम घंसौर तहसील जबलपुर जिला जबलपुर के अंतर्गत खसरा नंबर 320/4 (S) की कुल 0.200 हेक्टेयर कृषि भूमि वर्तमान भूमि स्वामी श्री ओमकार यादव पिता मुन्नालाल उर्फ. खेमराज पता घंसौर जबलपुर से क्रय करने जा रहे है। विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार को दी सुचना अनुसार उसने उक्त भूमि को आज प्रकाशन दिनांक तक कही भी गिरवी या बंधक नहीं रखी है न ही उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय से किसी भी प्रकार का कोई अनुबंध किया है। उपरोक्त उल्लेखित भूमि का निकट भविष्य में मेरे पक्षकार अपने पक्ष में रजिस्ट्री / बैनामा करवा लेंगे। उक्त संपति मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने या अनुबंध के सम्बन्ध में यदि व्यक्ति, परिजन, संस्था, बैंक/वित्तीय संस्था, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, किसी निकाय या किसी भी अन्य को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति समस्त वैधानिक दस्तावेजों मय सबूत इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन समय सीमा में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपति का पंजीयन / रजिस्ट्री / बैनामा अपने पक्ष में करवा लिया जाएगा, पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
स्थान : जबलपुर
दिनाक-28/05/2025
(कपिल मुनि साहू) अधिवक्ता
कार्यालय 1510 राइट टाउन,
चन्चलाबाई कॉलेज के पास जबलपुर म.प्र.
मोब. 9589851221

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ग्राम घंसौर तहसील जबलपुर जिला जबलपुर के अंतर्गत खसरा नंबर 320 / 5 (S) की कुल 0.200 हेक्टेयर कृषि भूमि वर्तमान भूमि स्वामी श्री प्रमोद पटेल पिता बद्री प्रसाद पटेल पता चुंगी चौकी बच्छखेडा तालाब के पास गढ़ा पुरवा जबलपुर से क्रय करने जा रहे है। विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार को दी सूचना अनुसार उसने उक्त भूमि को आज प्रकाशन दिनांक तक कही भी गिरवी या बंधक नहीं रखी है न ही उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/ निकाय से किसी भी प्रकार का कोई अनुबंध किया है। उपरोक्त उल्लेखित भूमि का निकट भविष्य में मेरे पक्षकार अपने पक्ष में रजिस्ट्री/बैनामा करवा लेंगे। उक्त संपति मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने या अनुबंध के सम्बन्ध में यदि व्यक्ति, परिजन, संस्था, बैंक/वित्तीय संस्था, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, किसी निकाय या किसी भी अन्य को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति समस्त वैधानिक दस्तावेजों मय सबूत इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन समय सीमा में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपति का पंजीयन / रजिस्ट्री / बैनामा अपने पक्ष में करवा लिया जाएगा, पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
स्थान : जबलपुर
दिनाक-28/05/2025
(कपिल मुनि साहू) अधिवक्ता
कार्यालय 1510 राइट टाउन,
चन्चलाबाई कॉलेज के पास जबलपुर म.प्र.
मोब. 9589851221

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/30
दिनांक :- 28/05/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्रगति गुप्ता श्री दीपक कुमार गुप्ता ने मकान नं. 712 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1900 व.फु., प्रथम तल, 1800 व.फु. दानपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/31
दिनांक :- 28/05/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनय कुमार गुप्ता पिता श्री विश्वेन्द्र नाथ गुप्ता ने मकान नं. 2756/GF-5 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 187 व.फु. दानपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# सराफा व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने सरकार से मांगी राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल


संजीव

सोने-चांदी के बढ़ते दाम, हीरे पर जीएसटी और जॉब वर्क पर टैक्स दरों ने ज्वेलरी कारोबार को प्रभावित किया है। ऐसे में सराफा व्यापार से जुड़े सराफा व्यापारियों ने सरकार से आयकर, जीएसटी और इंपोर्ट-एक्सपोर्ट नीति में रियायत की अपील की है। प्रमुख ज्वेलरी व्यापारी एवं मप्र सराफा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राहत की मांग करते कहाकि हमारा व्यवसाय केवल लाभ के लिए नहीं, बल्कि लाखों कारीगरों की रोजी-रोटी से जुड़ा है। अगर सरकार ने समय पर टैक्स सिस्टम में सुधार नहीं किया, तो ज्वेलरी उद्योग में भारी गिरावट आ सकती है। संगठन की ओर से संजीव गर्ग गांधी ने केंद्र सरकार से व्यापारिक हित में मांग की, कि जॉब वर्क और डायमंड सेट ज्वेलरी पर जीएसटी दरों में कटौती की जाए। सोने और चांदी की आयात नीति में ढीलाई बरती जाए, ताकि कीमतों को स्थिर किया जा सकें। निर्यात रिफंड प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाया जाए। छोटे और मध्यम व्यवसायियों को आयकर कानूनों में राहत प्रदान की जाए।

**बोले- बढ़ती लागत और टैक्स बोझ से परेशान हैं सराफा व्यवसायी**

**आयकर, जीएसटी जैसे टैक्स सिस्टम में किया जाए सुधार**



### बढ़ते हुए सोने-चांदी के दाम और इंपोर्ट-एक्सपोर्ट ड्यूटी ने व्यवसाय को डाला संकट में

ज्वेलरी उद्योग न केवल देश की परंपरा से जुड़ा हुआ है, बल्कि यह लाखों लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है। ऐसे में सरकार से यह अपेक्षा की जा रही है कि वह वर्तमान समस्याओं को समझे और उद्योग को राहत प्रदान करें। ताकि यह क्षेत्र दोबारा अपनी रफ्तार पकड़ सकें। वर्तमान समय में यह उद्योग कई जटिल समस्याओं से जूझ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बढ़ते हुए सोने-चांदी के दाम और मौजूदा टैक्स सिस्टम, विशेष रूप से जीएसटी, आयकर और इंपोर्ट-एक्सपोर्ट ड्यूटी ने उनके व्यवसाय को संकट में डाल दिया है।

### ग्राहक अब गहनों की खरीदारी से हट रहे पीछे

कुछ महीनों से सोने और चांदी की कीमतों में दिन-प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। इससे ज्वेलरी तैयार करने की लागत में जबरदस्त वृद्धि हुई है। व्यापारी बताते हैं कि ग्राहक अब महंगे गहनों की खरीदारी से पीछे हट रहे हैं, बाजार में मांग में कमी आई है।

### *हीरा एक जीएसटी के रूप अनेक*

*हीरे पर लागू जीएसटी ढांचा भी ज्वेलरी व्यवसायियों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। रफ डायमंड (अप्रसंस्कृत हीरे) पर 0.25 फीसदी जीएसटी लिया जाता है। जबकि तराशे हुए, लेकिन बिना जड़े हुए हीरे पर भी यही 0.25 फीसदी दर लागू होती है। यही हीरे सोने या अन्य धातु में जड़कर गहनों के रूप में बेचे जाते हैं, तो उस पर कुल मूल्य (धातु, हीरे और मेकिंग चार्ज सहित) का 3 फीसदी जीएसटी लिया जाता है। इम्पोर्ट पर भी यही टैक्स लागू होता है। डायमंड्स पर 0.25फीसदी और ज्वेलरी पर 3फीसदी,जो कस्टम क्लीयरेंस के दौरान अदा किया जाता है। औद्योगिक उपयोग के हीरे, जिनका प्रयोग मशीनों और उपकरणों में होता है, उन पर भी 0.25फीसदी जीएसटी लागू है। ज्वेलरी के निर्यात पर जीएसटी दर शून्य है, जिससे कारोबारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का रिफंड मिल सकता है, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि रिफंड प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी पर असर पड़ता है।*

# हीरो फिनकॉर्प को 3,668 करोड़ रु. का आईपीओ लाने की सेबी से मिली मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प के वित्तीय सेवा प्रभाग हीरो फिनकॉर्प को 3,668 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है।

बाजार नियामक ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेजों के अनुसार प्रस्तावित आईपीओ 2,100 करोड़ रुपए के नए निर्गम और 1,568 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा। सेबी के अनुसार हीरो फिनकॉर्प को 22 मई को आईपीओ लाने की मंजूरी दी गई। इसने आईपीओ लाने के लिए अगस्त में सेबी के समक्ष अपने प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए थे। हीरो फिनकॉर्प एक गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान (एनबीएफसी) है जो भारत में मुख्य रूप से खुदरा, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) ग्राहक वर्गों के लिए वित्तीय उत्पादों की एक विविध श्रृंखला पेश करती है।




# जबलपुर के छात्रों ने 2024-25 ओलंपियाड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में जबलपुर के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। बिलबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा शनाया कटारिया ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में पहली रैंक हासिल कर इंटरनेशनल गोल्ड मैडल के साथ प्रमाण पत्र अर्जित किया, वहीँ लिटिल जेम्स स्कूल के छात्र ऋशान दत्त तिवारी ने भी इंटरनेशनल कंप्यूटर साइंस ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया और इंटरनेशनल सिल्वर मैडल के साथ प्रमाण पत्र जीता। सेंट एलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र दिव्यांश गुगाली ने भी इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड में तीसरी रैंक प्राप्त करते हुए इंटरनेशनल ब्रोंज मैडल और प्रमाण पत्र हासिल किया।

# सेमीकंडक्टर सेक्टर में भारत बनेगा बादशाह

**नई दिल्ली।** भारत का सेमीकंडक्टर सपना अब नए चरण में पहुंच रहा है। सरकार ने 'सेमीकॉन 2.0' के तहत अपने लक्ष्यों को और मजबूत किया है, जिसमें 2030 तक वैश्विक चिप उत्पादन में 5 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। 2021 में भारत ने अपने सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 10 अरब डॉलर का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया था। इस योजना के तहत चिप फैब्रिकेशन, ओएसएटी और एटीएमपी से जुड़े 5 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिल चुकी है। सरकार का लक्ष्य वैश्विक चिप कंपनियों को आकर्षित करने के साथ-साथ घरेलू खिलाड़ियों को भी बढ़ावा देना है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार चला तो भारत के सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में निवेशकों के लिए बड़े अवसर खुल सकते हैं।

# अब सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी नई निसान मैग्नाइट

एजेंसी ⏭ गुरुग्राम



**रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपए की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध**

निसान मोटर इंडिया की लोकप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा। पूरा रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपए की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध होगा। पेश की गई इको फ्रेंडली सीएनजी किट फिटमेंट को चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में 7 राज्यों – दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में निसान के ग्राहक निसान की अधिकृत डीलरशिप से सीएनजी किट इंस्टॉल करा सकेंगे। कुछ समय बाद दूसरे चरण में पूरे देश में इसे विस्तार दिया जाएगा।

**फ्लेक्सी-कैप म्यूचुअल फंड पर जोर**

# फ्लेक्सी-कैप फंड में शुद्ध प्रवाह तीन गुना से अधिक बढ़कर 49,580 करोड़ रु. हुआ

एजेंसी ⏭ मुंबई



वैश्विक व्यापार की अनिश्चितताओं और कॉर्पोरेट आय में कमी के बीच अनिश्चित बाजार परिदृश्य में निवेशक फ्लेक्सी-कैप म्यूचुअल फंड पर अधिक से अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ये फंड, फंड मैनेजरों को लार्ज, मीडियम और स्मॉल कैप शेयरों में परिसंपत्तियों को गतिशील रूप से आवंटित करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें बाज़ार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप तुरंत पहल करने में मदद मिलती है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार फ्लेक्सी-कैप फंड में शुद्ध प्रवाह वित्त वर्ष '25 में तीन गुना से अधिक बढ़कर 49,580 करोड़ रुपए हो गया जो वित्त वर्ष '24 के 15,502 करोड़ रुपए था। इक्वेशन के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, कपिल होलकर के अनुसार जहां मैक्रो संकेत तेजी से बदल रहे हैं और रुझान वैश्विक सुर्खियों से प्रेरित है, फ्लेक्सीकैप फंड लार्ज कैप की स्थिरता को मिड और स्मॉल कैप की वृद्धि की क्षमता के साथ जोड़ते हैं, साथ ही फंड मैनेजरों को बाज़ार के अवसर के अनुरूप पहल करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं।

फ्लेक्सी-कैप श्रेणी के विकल्पों में से कुछ फंड अपनी अनुकूलनीय रणनीतियों और केंद्रित स्टॉक चयन के लिए सबसे अलग हैं। टाटा फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले एक साल में 11.3 फीसदी का वार्षिक रिटर्न दिया है, जो निफ्टी 500 टीआरआई (6.4 फीसदी) और निफ्टी 50 टीआरआई (6.6 फीसदी) से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। पांच साल पहले शुरू की गई 10 हजार रुपए की मासिक एसआईपी बढ़कर 8.9 लाख रुपए हो गई होगी, जो लगभग सात गुना वृद्धि है। 2018 में फंड की शुरुआत के बाद से, वही एसआईपी 13.2 लाख रुपए की होगी।




# फ्लैगशिप किलर रियलमी देगा नया अनुभव

**जबलपुर।** स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ१ के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। रियलमी जीटी ७ सीरीज़ में अनेक अत्याधुनिक फीचर्स और परफॉर्मेंस अपग्रेड दिए गए हैं। यह भारतीय यूज़र्स के लिए फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करेगा।

# पम्पस ने मनाया 'फाउंडर्स डे': शक्ति कोड ऑफ़ कंडक्ट जारी किया

**इंदौर।** शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड ने (25 मई को) अपने संस्थापक, स्व.मनोहर लाल पाटीदार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'फाउंडर्स डे' का आयोजन किया। यह दिन उनके असाधारण समर्पण, दूरदर्शिता और सफलता को याद करने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेने के लिए समर्पित था।

इस अवसर पर, शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ सभी अनुषंगी कंपनियों के डायरेक्टर्स, समस्त टीम मेम्बर्स और उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समारोह न केवल श्री पाटीदार के जीवन और कार्य को श्रद्धांजलि देने का माध्यम था, बल्कि यह कंपनी की एकता, सामूहिक भावना और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता था। फाउंडर्स डे का यह आयोजन टीम के सदस्यों के लिए एक साथ आने, एक-दूसरे के साथ जुड़ने और कंपनी के मूल मूल्यों को फिर से आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। कार्यक्रम में शक्ति परिवार के 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कर्मचारियों और उनके परिवारों से बातचीत में मनोहर लाल जी पाटीदार के शुरुआती प्रयासों, उनके दूरदर्शी विचारों और कैसे उन्होंने एक छोटे से सपने को एक सफल उद्यम में बदल दिया, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कंपनी की कोर वैल्यूस - सीखने का जुनून रखे, व्यक्ति का सम्मान करें, सिस्टम एवं कार्यविधि का सम्मान करें, श्रेष्ठता के लिये प्रयासरत रहें, ग्राहक केन्द्रित रहें, ईमानदार एवं नैतिक रहें, को दोहराया।

शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा पाटीदार ने पिछले तीन वर्षों में फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित प्रकल्पों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को जानकारी दी।

शक्ति पम्पस के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश पाटीदार ने कहा कि श्री मनोहरलाल जी पाटीदार की शिक्षाएं और सिद्धांत आज भी कंपनी के हर पहलू में जीवित हैं, जो उसे निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर कर रहे हैं। एसोसिएट डायरेक्टर रामाकृष्णा सथलूरी ने शक्ति कोड ऑफ़ कंडक्ट जारी किया और शक्ति इरिगेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित पाटीदार ने आभार प्रदर्शन किया।




# एमएसएमई में मझोले उद्योग पिछड़े नीति आयोग ने गिनाईं 7 बड़ी चुनौतियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की जीडीपी में करीब 29 फीसदी, निर्यात में 40 फीसदी और रोजगार में 60 फीसदी से अधिक योगदान देने वाला सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र संरचनात्मक विषमताओं से जूझ रहा है। पंजीकृत एमएसएमई में सूक्ष्म उद्यमों की सबसे ज्यादा 97 फीसदी और लघु उद्यमों की 2.7 फीसदी हिस्सेदारी है। एमएसएमई के कुल निर्यात में 40 फीसदी का योगदान देने वाले मझोले उद्यमों का हिस्सा महज 0.3 फीसदी है, जो स्पष्ट रूप से संरचनात्मक विषमता का संकेत है। नीति आयोग ने 'मझोले उद्यमों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा, देश का विकास इंजन बनने के लिए मझोले उद्यमों को सात चुनौतियां पार करनी होंगी। ये चुनौतियां हैं...सरकारी योजनाओं के बारे में कम जानकारी, प्रौद्योगिकी अपग्रेडेशन की कमी, कुशल श्रमबल का अभाव, अनुपालन, नवाचार में बाधा, फंडिंग और जमीन-बुनियादी ढांचा।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं वर्गीकृत क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# बीएएसएफ देगा फसलों को सुरक्षा

**जबलपुर।** बीएएसएफ भारत ने अपने दो नवीनतम वैश्विक फसल सुरक्षा समाधान वेलेक्सियो टीएम कीटनाशक तथा मिबेल्या टीएम फफूंदनाशक लॉन्च किए हैं, जो कि भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण अनाज की फसल. धान के लिए उपयोग में लाए जाएँगे। इन दो आविष्कारों को पेश किए जाने से भारत के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को समर्थन मिलेगा। ये समाधान धान के किसानों को अपनी धान की पैदावार को शानदार तरीके से बढ़ाने में मदद करेंगे, क्योंकि ये धान के प्रमुख कीटों धान के भूरा माहु की रोकथाम करेंगे तथा आवरित झुलसा जैसी बीमारियों से धान की रक्षा करेंगे।




# डिजिटल कॉमर्स कंपनियों की झांसेबाजी पर सख्त हुई सरकार


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स, एविएशन और कैब एग्रीगेटर्स के डार्क पैटर्न पर कंज्यूमर अफेयर मंत्रालय ने सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक बुलाई है। इस बैठक में सरकार, कंपनियों से ग्राहकों के साथ पारदर्शिता बरतने के निर्देश देगी।

बैठक में अमेजन, फ्लिपकार्ट और मीसो के अधिकारी शामिल होंगे। इसमें मेक माई ट्रिप , पेटीएम, ओला, ऊबर के अधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में सरकार ग्राहकों के साथ पारदर्शिता बरतने के निर्देश देगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री की अध्यक्षता में ये बैठक होगी। इस बैठक में कई फूड, फार्मेसी, यात्रा, सौंदर्य प्रसाधन, खुदरा, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां भाग लेंगी। साथ ही कई लिस्टेड कंपनियां भी शामिल होंगी ।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5881



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली- 5880 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | क्वा | ई | | श | र |
| य | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | र | | स | ला | मी | | य | | य | ह |
| य | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकू नवताल - 5891

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SEMACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5890 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |




# आईपीएल 2025 : सूर्यवंशी ने लगाया रिकॉर्ड शतक, म्हात्रे ने किया कारनामा और पंत करते रहे संघर्ष

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स के अंतिम लीग में शतक जड़कर कमाल कर दिया लेकिन टीम जीत से चूक गई जबकि अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरुआत के बाद राह से भटक गई। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के 70 मैच के शुरुआती दौर को खत्म होने में 10 दिन के ब्रेक सहित कुल 67 दिन लगे और अभी तक टूर्नामेंट के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। प्लेऑफ शुरू होने से पहले अब तक का उतार-चढ़ाव का सफर इस प्रकार है ।

## युवाओं ने बिखेरा जलवा

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी जब पिछले दिसंबर में 'मेगा नीलामी' में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी शतक लगाने वालों खिलाड़ियों में शामिल थे। इस सूची में पंजाब किंग्स के 'अनकैप्ड' प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स को मुस्कुराने का मौका दिया।

## हैदराबाद की खराब फॉर्म

पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। एसआरएच ने आईपीएल की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 286 रन से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर की और समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन से तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर किया। टीम के पास बल्लेबाजी के लिए कोई 'प्लान बी' नहीं था जिसमें नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ।



## चेन्नई ने सीखा सबक



सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ एमएस धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज म्हात्रे ने टीम की परेशानियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने अंत में शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान के 20 वर्षीय नूर अहमद सीएसके के सबसे सफल स्पिनर रहे जबकि आर अश्विन और रविंद्र जडेजा अन्य विकल्प थे।

## सुदर्शन की दमदार बल्लेबाजी



युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं। वह अभी तक 670 से ज्यादा रन बनाकर सूची में शीर्ष पर है और इसका ईनाम उन्हें इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने से मिला। गुजरात टाइटन्स का यह बल्लेबाज इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहा।

## मुंबई का चैंपियन की तरह प्रदर्शन

मुंबई इंडियंस ने हमेशा ही तरह धीमी शुरुआत करने के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई। पहले पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने के बाद हार्दिक पंड्या की टीम अगले छह मैच जीतकर शीर्ष टीमों में पहुंच गई। रोहित शर्मा और तिलक वर्मा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन सूर्यकुमार यादव ने दिखाया कि वह इसमें सर्वश्रेष्ठ क्यों है। जसप्रीत बुमराह ने 10 मैच में 17 विकेट चटकाए हैं।





## राजस्थान के लिए खराब सत्र

संजू सैमसन की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों में जज्बे की कमी के कारण टीम निचले स्थान पर रही सीएसके से ऊपर रही। जोस बटलर, अश्विन, युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट जैसे खिलाड़ियों से अलग होने से उसका संतुलना शायद कुछ ज्यादा ही बिगड़ गया।

## दिल्ली हुई बेपटरी

आईपीएल की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि टीम कोई गलती नहीं करेगी लेकिन लगातार निरंतर प्रदर्शन के मामले में टीम पिछड़ गई। पहले छह में से पांच जीत के साथ शुरुआत करने के बाद टीम तालिका में शीर्ष पर थी लेकिन अचानक गिरावट से अगले आठ में से पांच मैच गंवा बैठी।

## कोलकाता का प्रदर्शन खराब

कप्तान अजिंक्य रहाणे अकेले दम पर डटे रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी के सबसे महंगे खिलाड़ी और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर के लिए सत्र काफी खराब रहा। पहले आठ मैच में पांच हार के साथ गत चैंपियन के लिए प्लेऑफ की दौड़ काफी पहले ही खत्म हो गई थी।

## मार्श और पूरन का दबदबा

पहले आठ मैच में पांच जीत ने लखनऊ सुपर जायंट्स को अंतिम चार में जगह बनाने का मौका दिया, लेकिन पंत का बल्ले से खराब प्रदर्शन, मध्य क्रम में गहराई की कमी और गेंदबाजी में विविधता की कमी के कारण वे फिर से प्लेऑफ से चूक गए। लेकिन मिचेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मारक्रम ने उन्हें मजबूती दी।


पश्चिम मध्य रेल
संकेत एंव दूरसंचार विभाग
खुली निविदा
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक– जबल–एन–टेली–टेंडर–2025–05, कार्य का नाम लोकेशन सहित–** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन में विभिन्न आईबीएस स्थानों पर वायरलेस सिस्टम के माध्यम से नियंत्रण सर्किट/ब्लॉक कार्य/ अन्य सर्किट जैसे कि यूटीएस/पीआरएस के लिए वैकल्पिक संचार प्रदान करना। 2. पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के ईटी – एमकेपी सेक्शन में मौजूदा 05 मध्य ब्लॉक सिंगल में उच्च उपलब्धता डिजिटल एक्सल काउंटर की व्यवस्था करके विश्वसनीयता बढ़ाने का शेष कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य(रू. में)–** रू. 36281152.70, **निविदा फार्म की कीमत रूपये –** रू. 0.00/–, **कार्यालय का पता–** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एंव दूरसंचार), कार्यालय प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रूपये–** रू. 331400.00, **समापन अवधि –** (06 माह), **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय–** दिनांक 24.06.2025 को 15:00 बजे तक बंद होगी एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाईट से ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।
(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


आईपीएल के 18वें सत्र का क्वालीफायर 1 मुकाबला आज शाम 7.30 बजे

# अय्यर की रणनीति और आरसीबी की प्रतिभा के बीच आज होगी जंग

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है।

## बेंगलुरु की गेंदबाजी मजबूत





आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है और टिम डेविड भी चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे टीम में अधिक संतुलन आएगा। आरसीबी पिछले कई वर्षों से अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर रही है, लेकिन जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है।

# सात्विक-चिराग की जीत से वापसी लक्ष्य चोटिल होने के कारण बाहर

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ वापसी की। लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें पीठ के निचले हिस्से में दर्द के होने के कारण शुरुआती दौर के मुकाबले के बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा। चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकाल को केवल 40 मिनट के अंदर 21-16, 21-13 से हराया।

यह 41वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी पर सात्विक और चिराग की दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर है। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता। लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 35 मिनट में 21-16, 21-19 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।


महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल

# जिले में जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मिले बेहतर अवसर



महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ग्वालियर में एक अनूठी और अद्वितीय पहल हुई है। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज की आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा और जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर "शक्ति दीदी" के रूप में तब्दील कर दिया गया। आज ग्वालियर जिले के अनेक पेट्रोल पंपों पर यह शक्ति दीदियाँ फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। कलेक्टर ने इन शक्ति दीदियों को फ्यूल वर्कर के रूप में नौकरी दिलाने की अनूठी पहल का जो सिलसिला शुरू किया, वह अब काफी आगे बढ़ चुका है। अभी तक जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 45 जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी के रूप में काम करके अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में "शक्ति दीदी" के नाम से इस पहल की शुरूआत की। कहानी भी काफी रोचक है। दरअसल हर मंगलवार को लोगों की समस्यायें जानने के लिये कलेक्ट्रेट में होने वाली जन-सुनवाई में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के समक्ष अनेक ऐसी जरूरतमंद, विधवा लेकिन ऊर्जा से ओत-प्रोत महिलायें अपने नौकरी के आवेदन लेकर पहुँचती थीं। ऐसी महिलाओं को देखकर कलेक्टर के मन में यह कल्पना आई कि इन्हें पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम भी सौंपा जा सकता है। उन्होंने ऐसी जरूरतमंद महिलाओं से भी इस बारे में बातचीत में राय चाही तो ज्यादातर महिलाओं ने इस काम के प्रति अपना उत्साह दिखाया। इसके बाद पेट्रोल पंप डीलर्स से भी उन्होंने बात की और अंततः ग्वालियर में "शक्ति दीदी" के रूप में महिलायें पेट्रोल पंपों पर नजर आना प्रारंभ हो गईं।

शक्ति दीदी आत्मनिर्भर बनकर महिलाओं के लिये बनीं उदाहरण

शक्ति दीदियों को पेट्रोल पंप की कमान सौंपने का श्रीगणेश भी समारोहपूर्वक हुआ। जिले में 2 जनवरी 2025 को पाँच पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में कार्यरत किया गया। इसके साथ ही 16 जनवरी को 5 अन्य पेट्रोल पंपों पर 6 शक्ति दीदियों को, 12 फरवरी को 5 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को, 5 मार्च को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 4 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को, 2 अप्रैल को शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के 5 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को और एक मई को 6 पेट्रोल पंपों पर 11 शक्ति दीदियों को फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम सौंपा गया।

पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदियों को फ्यूल डिलेवरी की जिम्मेदारी सौंपते समय कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने उपस्थित होकर शक्ति दीदियों को एप्रन पहनाकर उनका मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा के लिये समीप स्थित पुलिस थाने को भी निरंतर मॉनीटरिंग करने की जवाबदारी सौंपी। जिले में अब तक 30 पेट्रोल पंपों पर 45 शक्ति दीदियां फ्यूल वर्कर के रूप में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।

## शक्ति दीदियों को दिया गया है सुरक्षा का कवच

जिले मे महिला सशक्तिकरण के लिये संचालित "शक्ति दीदी" परियोजना के तहत कार्यरत महिलाओं को प्रशासन की ओर से सुरक्षा कवच भी दिया गया है। सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिस के उड़नदस्ते द्वारा निरंतर भ्रमण कर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सभी महिलाये प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी का दायित्व संभाल रही हैं।

### यह सिलसिला थमा नहीं है

महिला सशक्तिकरण के लिये जिले में "शक्ति दीदी" बनाने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान निरंतर कार्य कर रही हैं। जिले की ऐसी महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क कर अपना आवेदन देने का आग्रह भी किया गया है। प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर स्वयं जरूरतमंद महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त कराने की दिशा में कार्य कर रही हैं। जिले की शक्ति दीदियाँ न केवल अब सशक्त हुई हंय बल्कि अन्य महिलाओं में भी स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्साह पैदा कर रही हैं।

उपलब्धि — प्रदेश की12 हजार 670 मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनवाडी केंद्र मे बदला

# पीएम मोदी का मूल मंत्र स्वस्थ नारी, सशक्त नारी मध्यप्रदेश में पूरा कर रहे सीएम डॉ.मोहन यादव



राज्य मे लिंगानुपात 927 से बढ़कर 956 हो गया है।

बेटियों को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है



## कुपोषित बच्चों की बेहतर देखरेख से स्वस्थ्य हो रहे नौनिहाल

अटल बिहारी वाजपेई बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन के अंतर्गत राज्य सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। आंगनबाड़ी केंदो में मंगल दिवस मनाए जाते हैं। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम में एम्स के सहयोग से गंभीर कुपोषित बच्चों की देखभाल की जा रही है। माता एवं शिशु के चेहरे की मुस्कान के लिए राज्य सरकार स्वयं को न्यौछावर करने से भी पीछे नहीं है। राज्य की 73.40 लाख हितग्राही महिलाएं आधार से पंजीकृत हैं। राज्य मे लिंगानुपात 927 से बढ़कर 956 हो गया है। बाल विवाह के मामलों मे भी काफी कमी आई है।

▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की दूरदृष्टि का ही परिणाम में है कि बीते एक साल में ऐसे कई उल्लेखनीय काम हुए हैं जिसके सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। महिलाओं की सुरक्षा हो,बच्चों के पोषण की बात हो या फिर गर्भवती महिलाओं की देखरेख। इनके लिए किए गए काम दूसरे राज्यों के लिए नजीर बन गए हैं। राज्य की आंगनवाड़ियों में जहां गर्भवती महिलाओं की देखरेख और शिशु की रक्षा-सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं वहीं बच्चों की किलकारियां भी खूब सुनाई दे रहीं हैं। राज्य सरकार ने गर्भस्थ महिलाओं और शिशुओं की सुरक्षा के लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी बाकी नहीं रखी। आंगनबाड़ी केन्द्रों का उन्नयन, रखरखाव एवं संचालन मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हमेशा से रहा है। इस दिशा में प्रदेश की 12 हजार 670 मिनी आंगनवाडी केन्द्रों को पूर्ण आंगनवाडी केन्द्र के रूप में उन्नयन किए जाने से संभव हुआ है। इसके लिये पर्यवेक्षको के 476 नवीन पद, 12 हजार 670 आंगनवाडी सहायिका सहित कुल 13 हजार 146 नवीन पदों पर नियुक्ती गई है।

## अब बोझ नहीं हैं बेटियां सरकार उठा रही है पढ़ाई का खर्च



बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राज्य सरकार का ध्येय मंत्र रहा है और इस दिशा मे बेटियों को स्कूल जाने के लिए साइकिल और कॉलेज के लिए स्कूटी वितरण का कार्य किया जा रहा है जिससे उनकी शिक्षा की सुविधा मे कोई कठिनाई न आए। राज्य सरकार ने बेटियों को डॉक्टर, इंजीनियर, जेईई, जज, सीए आदि परीक्षाओं की तैयारी का खर्च उठाने का जिम्मा स्वयं ले रखा है ताकि माता-पिता को इसके बोझ तले ना दबना पड़े। कक्षा 12वीं के बाद स्नातक अथवा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों मे प्रवेश लेने पर बेटियों को राज्य सरकार 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है। राज्य सरकार की यही मंशा रही है कि प्रदेश की हर बेटी अपने सपने पूरा कर सके।

## अब मध्यप्रदेश कुपोषित नहीं पोषित राज्य बना

मध्यप्रदेश की पहचान 20 वर्ष पहले तक एक कुपोषित राज्य के रूप मे हुआ करती थी। अब यह बीते जमाने की बात हो गई है। मध्यप्रदेश ने कुपोषण के खिलाफ लंबी और चरणबद्ध लड़ाई लड़ते हुए कामयाबी हासिल की है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -3 वर्ष (एनएफएचएस -3) 2005-06 और वर्ष 2019-21 के जारी सर्वेक्षण के तुलनात्मक आंकड़ो से स्पष्ट हो जाता है कि राज्य सरकार ने कुपोषण के खिलाफ कितनी ईमानदारी से जंग लड़ी और सफलताएं अर्जित की। वर्ष 2005-06 की बात करें तो उन दिनों 60% बच्चे अपनी उम्र के अनुसार कम वजन के होते थे, लेकिन वर्ष 2020-21 मे यह अंतर घटकर 33% हो गया है। मध्यप्रदेश को कुपोषण के खिलाफ जंग मे मिली इस सफलता के फलस्वरुप देश में तीसरा स्थान प्राप्त हो गया।

D-16021/25

खमरिया पुलिस कर रही पूछताछ, बार-बार बदल रहा बयान

# भारत घूमने साथियों के साथ शहर आया बांग्लादेशी युवक

हरिभूमि, जबलपुर।

मंगलवार को एयरपोर्ट से लगे सैन्य क्षेत्र में घूमते मिले बांग्लादेशी युवक से खमरिया पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। हालांकि वह बार बार यही कह रहा है कि वह अपने 9 दोस्तों के साथ भारत घूमने आया था। लेकिन उसके बाकी दोस्त कहां है यह बात युवक बता नहीं पा रहा है। पुलिस को उसकी स्थिति संदिग्ध लग रही है। मामले की जानकारी खुफिया एजेंसियों को भी दी गई है। जिसके बाद अब पकड़े गए बांग्लादेशी युवक के बारे में छोटी से छोटी बात पर गौर कर उसके व उसके दोस्तों के बारे में पूछताछ की जा रही है।



### कबूला रोहांगिया, आठवीं तक पढ़ाई

टीआई सरोजनी टोप्पो ने बताया कि संदिग्ध युवक ने पुलिस पूछताछ में खुद का नाम बांग्लादेश निवासी रहमत अली बताया। पुलिस टीम ने जब उसे बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का नाम व अन्य जानकारियां पूछी तो वह बांग्लादेश के संबंध में समस्त जानकारियां देता गया। उसने कबूल किया कि वह रोहांगिया है और आठवीं तक उसने पढ़ाई की है। वह यहां कैसे पहुँचा पुलिस जाँच कर इसका पता लग रही है।

### मानसिक स्थिति ठीक नहीं

युवक बांग्लादेश के बागुड़ा जिले का रहने वाला 23 साल का रहमत अली है। वह नौ लोगों के साथ भारत घूमने आने की बात कह रहा है। संदिग्ध युवक ने पुलिस को अलग-अलग बयान देकर गुमराह करने की कोशिश भी की। वह पैदल ही भारत आने की बात कह रहा है। पकड़े गए युवक की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं लग रही है। पुलिस के आलाधिकारी युवक से पूछताछ करने में जुटे हैं। हिंदी नहीं आने के चलते बातचीत करने में पुलिस को परेशानी हो रही है। फिलहाल पुलिस उसकी कुंडली खंगालने में जुटी हुई है।

### बयान को लेकर पसोपेश

पुलिस ने पकड़े गए युवक से नाम, पता पूछा तो वह कुछ अजीब भाषा में बोलने लगा, पहले लगा कि यह मानसिक रूप से विक्षिप्त है, पर जब थाने लाकर उससे पूछताछ की तो एक के बाद एक कई खुलासे होते गए। परिवार के विषय पर पूछने पर उसने बताया कि पिता का नाम मन्ना सरकार है, बाद में फिर से बयान बदला तो मोहम्मद नाम बताने लगा, मां का नाम युवक मेमरा बेगम बता रहा है।

### पुलिस को शक युवक कर रहा गुमराह

पुलिस ने देर रात तक बांग्लादेशी निवासी से पूछताछ की, पर हर बार उसके बयान अलग-अलग हो रहे थे, पुलिस को यह भी शक है कि जानबूझकर यह व्यक्ति गुमराह कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि जब रहमत अली से पूछा गया कि उसका यहां आने का क्या उद्देश्य है, तो कहने लगा कि खाना खाने आया हूं।

### हर एंगल टटोल रही पुलिस

वहीं खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो ने कहा कि पकड़ा गया बांग्लादेशी रेफ्यूजी है। जो अवैध तरीके से भारत में घुसा है। लेकिन इस मामले में खास बात यह है कि बार्डर पर सख्त पेहरे के बीच युवक इतनी आसानी से भारत में प्रवेश कैसे कर गया। इसके साथ ही वह काफी दिनों से भारत में है। हजारों किलोमीटर का सफर तय करके वह जबलपुर कैसे पहुँचा यह पुलिस के लिए जाँच का विषय है।



प्राचार्यों की बैठक में डीईओ के निर्देश

# परीक्षा में फेल बच्चों की नियमित कक्षाएं ली जाएं

**जबलपुर।** जिले मे शिक्षा तथा स्कूलों की व्यवस्था व्यवस्थित रहे तथा स्कूलों के खुलने के पहले स्कूलों मे साफ सफाई, मरम्मत का काम हो इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा मझौली मे जाकर प्राचार्यो की बैठक लीं गयी। बैठक के दौरान डी ई ओ घनश्याम सोनी के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष से बोर्ड परीक्षा दो बार आयोजित होनी है पहली परीक्षा आयोजित होकर परिणाम आ गया है, अब जून माह मे फेल बच्चों के लिए द्वितीय अवसर के रूप मे पुनः परीक्षा आयोजित हो रही है। अतः इस परीक्षा मे सभी फेल बच्चों का परीक्षा फार्म भर जाये तथा उनकी नियमित कक्षाओं का संचालन होना बहुत जरुरी है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए इसमें विशेष ध्यान देने कि जरुरत है।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा बैठक मे सभी संकुल की समीक्षा कि गयी, शाला मे मरम्मत कार्य, बालक एवं बालिका के लिए अलग अलग शौचालय व्यवस्था, पीने के पानी की उपालब्धता, एजुकेशन पोर्टल 3.0 मे डेटा अपडेट करने, प्रथम बार की परीक्षा मे फेल बच्चों के फ़ार्म भरकर उनकी विषयवार कक्षाएं संचालित हो, बच्चों की पढ़ाई मे प्रत्येक बच्चें की केस स्टडी कर पढ़ाई करें, स्कूलों मे नामांकन की ऑनलाइन प्रविष्टि, स्कूलों मे मेपिंग करना, बच्चों की शत प्रतिशत छात्रवृत्ती का सफल भुगतान, राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार मे ज्यादा से ज्यादा आवेदन हो, मेधावी छात्रों को दिए जाने वाले लेपटॉप, स्कूटी की समय पर एंट्री, समस्या निवारण शिविर का आयोजन संकुल स्तर पर होना जरुरी है।

इसके पश्चात डीपीसी योगेश शर्मा के द्वारा भी स्कूलों के सम्बन्ध मे विस्तृत चर्चा की गयी। सहायक संचालक अतुल चौधरी के द्वारा मझौली के सभी स्कूल के बारे मेप्रचार्यो से चर्चा को गयी।

बैठक के दौरान अच्छा परीक्षा परिणाम तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य, जनशिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। बैठक के दौरान मझौली के सभी प्राचार्य, बी आर सी तथा जनशिक्षक उपस्थित रहे।

नशे का आदी आरोपी पहले भी पकड़ा जा चुका है

# यात्रियों और रेलवे की संपत्ति चोरी करने वाला गिरफ्त में आया

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे यार्ड से रेलवे की संपत्ति चुराने वाला एक शातिर चोर आरपीएफ की गिरफ्त में आ गया है। आरोपी की पहचान रविन्द्र नाथ टैगोर सुब्बाह शाह क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद सुलतान के रूप में हुई है। आरपीएफ ने बताया कि आरोपी पर पहले से ही जीआरपी में तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार मिश्रा, आरक्षक हरिकेश दुबे और सूर्यनाथ यादव की टीम ने गत रात कोचिंग डिपो यार्ड में गश्त के दौरान आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के पास से 10 नग पेंड्राल क्लिप, एक नेम प्लेट और दो चोरी के मोबाइल बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए यात्रियों के बीच में घुसकर उनके मोबाइल चुराता है। मोबाइल न बिक पाने की स्थिति में उसने रेलवे की संपत्ति चुराना शुरू कर दिया। उसने दो अलग-अलग ट्रेनों से यात्रियों के मोबाइल चोरी करने की बात भी कबूल की है।

आरपीएफ ने मामले की जानकारी जीआरपी को भी दी है और आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड मंगवाया, जिसमें पूर्व में तीन चोरी के मामले दर्ज पाए गए। प्रारंभिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

# व्हाटसएप पर मैसेज भेजकर महिला ने खाते से 65 हजार रुपए उड़ाए

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत सुभाषनगर महाराजपुर निवासी एक महिला के मोबाइल पर व्हाटसएप मैसेज आया जिसमें पैसे का लालच देकर मोबाइल से एकाउंट नंबर और नाम हासिल कर लिया और खाते से 65 हजार रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी सुभाषनगर महाराजपुर निवासी 45 वर्षीय अजय कुमार बैरागी ने लिखित शिकायत की, कि गत दिवस अपने घर पर अपनी पत्नी का मोबाइल चला रहा था, तभी किसी अज्ञात नम्बर से व्हाटसएप्प मैसेज आया तथा एक महिला ने अपना नाम आकांक्षा भल्ला उर्फ ट्रेडिंग कम्पनी बता कर पैसे का लालच देकर मोबाइल से अकाउण्ट नम्बर, नाम गौतम मंडल एयर टेल पेमेंट बैंक में कई बार में कुल 65 हजार 247 रूपये ट्रांसफर करा लिये हैं उक्त महिला जिससे मैसेज द्वारा बात कर पैसे ट्रांसफर करा लिये है उसके बाद पैसे वापस करने का कोई जवाब नहीं दिया। उसकी पत्नी वर्षा बैरागी का खाता एचडीएफसी बैंक शाखा दमोहनाका मे हैं जिससे पैसे ट्रांसफर करा कर रूपये हडप लिये है।

लिखित शिकायत के अवलोकन पर अज्ञात मोबाइल धारक के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सख्त एक्शन से शराब ठेकेदारों और आबकारी अमले में हड़कंप

# ओवर रेटिंग के मामले में सिंडीकेट पर हंटर चलाने की तैयारी

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में शराब दुकानों द्वारा एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने की लगातार मिल रही शिकायतों और स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए खुलासों के बाद अब जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने ऐसे दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं जो अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेच रहे थे।



सख्त एक्शन की तैयारी से शराब ठेकेदारों के सिंडीकेट के साथ साथ आबकारी विभाग के अमले में भी हड़कंप का माहौल देखा जा रहा है। जिनकी निगरानी में यह खेला चल रहा था।रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जिन दुकानों पर ओवर प्राइसिंग के पुख्ता सबूत मिले हैं, उनके खिलाफ अब तीन दिन से लेकर 5 दिनतक के लिए लाइसेंस निलंबन किया जा सकता है।

गौरतलब है की कलेक्टर सक्सेना ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को ग्राहक बनाकर 22 शराब दुकानों पर स्टिंग ऑपरेशन करवाया था। इस जांच में 21 दुकानों पर एमआरपी से 20 से 100 रुपए तक अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही थी। कई दुकानों में तो ग्राहकों से ऑनलाइन पेमेंट लिया गया, जिससे प्रशासन के पास इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी मौजूद हैं।

शुरुआती जांच आबकारी विभाग द्वारा की गई थी, जिसमें उन्होंने ओवर रेटिंग से इनकार किया था। लेकिन जब राजस्व विभाग की जांच हुई, तो मामला पूरी तरह उजागर हुआ। इससे आबकारी विभाग की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### कलेक्टर का सख्त संदेश

कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने कहा है कि "शराब के दाम सरकार द्वारा तय किए जाते हैं और एमआरपी से अधिक दाम पर बेचना कानूनन अपराध है। जो भी दुकानदार इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एक बार फिर होगी रेंडम जांच


प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रशासन अब सभी कंपोजिट दुकानों की दोबारा जांच करने की तैयारी में है। इस बार निरीक्षण और भी व्यापक होगा, ताकि पूरी तरह से व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।

# तबादले के विरोध में हाईकोर्ट जा सकते हैं अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश के सभी विभागों में तीस मई तक स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों का फैसला ले चुकी सरकार को आशंका है कि तबादले के विरोध में कई अधिकारी, कर्मचारी कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। ऐसे हालातों से निबटने के लिए कई विभागों ने तबादला आदेश जारी करने के पहले हाईकोर्ट में केविएट दायर कर दी है और कोर्ट से आग्रह किया है कि स्थानांतरित कर्मचारियों द्वारा कोर्ट में अपील करने के मामले में कोई फैसला देने से पहले न्यायालय सरकार के संबंधित विभाग का पक्ष भी सुने।

विभागों ने जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर हाईकोर्ट में सरकार का पक्ष सुनने दायर की केविएट



तबादला नीति लागू हुए अब तक 28 दिन हो चुके हैं लेकिन पीडब्ल्यूडी और पीएचई विभाग के सौ से अधिक कर्मचारियों अधिकारियों के स्थानांतरण के अलावा किसी दूसरे विभाग ने तबादले की बड़ी सूची जारी नहीं की है। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय विकास और आवास, राजस्व, गृह, लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, पंचायत और ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, ऊर्जा और जल संसाधन ऐसे विभागों में शामिल हैं जहां स्थानांतरित किए जाने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों का प्रतिशत अधिक रहेगा। ऐसे में तीन साल की अवधि एक स्थान पर पूरी कर चुके अधिकारी कर्मचारी प्रशासनिक आधार पर किए जाने वाले तबादलों के विरोध में हाईकोर्ट की शरण ले सकते हैं ताकि किसी न किसी ग्राउंड को आधार बनाकर तबादले पर स्टे लेने और आदेश शिथिल कराने की कार्यवाही की जा सके। इसी के चलते विभागों द्वारा केविएट दायर की जा रही है ताकि तबादला आदेश जारी होने के बाद उसका एग्जीक्यूशन भी तेजी से कराया जा सके।


### हाईकोर्ट जबलपुर, खंडपीठ में केविएट दायर

स्कूल शिक्षा विभाग ने इसी तारतम्य में कहा है कि शिक्षक संवर्ग और गैर शिक्षक संवर्ग के अमले का प्रशासकीय आवश्यकता के आधार पर राज्य स्तर से स्थानांतरण किया जाने वाला है। ऐसे में स्थानांतरण आदेश के खिलाफ संबंधित लोक सेवा उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सकते हैं। इसलिए इन हालातों में याचिका दायर करने पर न्यायालय के समक्ष विभाग अपना पक्ष रख सके, इसके लिए हाईकोर्ट जबलपुर, हाईकोर्ट की खंडपीठ ग्वालियर और इंदौर में केविएट दायर की जा रही है। ऐसे ही स्थिति दूसरे विभागों द्वारा भी अपनाई जा रही है।

नौ-तपा के चौथे दिन भी छाए रहे आसमान पर बादल

# तड़ित झंझावत के बीच हो सकती है बूंदाबांदी

**जबलपुर।** नौतपा के चौथे दिन भी आसमान पर बादल छाए रहे। बादलों की बसाहट से तापमान पिछले दिनों से 38 डिग्री पर स्थिर बना हुआ है। लेकिन इसके बाद भी गर्मी और उसम से राहत नहीं मिल रही है। इसकी मुख्य वजह आसमान में बादल छाने से हवा मे नमी बढ़ गई और उमस हलाकान करने लगी। नौतपा के चौथे दिन भी उमस भरी गर्मी से जनजीवन परेशान रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तड़ति झंझावात के साथ छुटपुट वर्षा हो सकती है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि आसमान में बादलों के छाने से तापमान की रफ्तार नियंत्रित हुई है। और पिछले 24 घंटों में नगर का अधिकतम तापमान 38.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया।

मौसम के अनुसार अगले 24 घंटो के दौरान जबलपुर, सागर, रीवा संभाग के जिलों में तड़ति झंझावात के बीच हल्की बूंदाबांदी भी सकती है। हवा में नमी सुबह 63 प्रतिशत और सायंकाल 45 प्रतिशत आंकी गई। प्रदेश में सर्वाधित 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दतिया जिले में दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन 42.0 और न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवाएं 5 से 6 घंटे प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटे के दौरान संभाग के जिलों में कहीं कहीं गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

# एक्सीलेंस और मॉडल स्कूलों में बिना प्रवेश परीक्षा मिलेगा एडमिशन


## रिक्त सीटों को भरने नियम में बदलाव, क्लास 6 से क्लास 8 तक के आवेदन शुरू

**जबलपुर।** मप्र के सरकारी स्कूलों में दाखिले को लेकर बदलाव किया गया है। यह बदलाव जिला उत्कृष्ट (एक्सीलेंस) विद्यालयों और मॉडल स्कूलों में खाली पड़ी सीटों को भरने के लिए किया गया है। जिसके तहत अब एंट्रेंस एग्जाम (प्रवेश परीक्षा) पास करने वालों के एडमिशन के बाद भी यदि सीटें रिक्त रहती है तो सीधे दाखिला दिया जाएगा। हालांकि, इसके के लिए पहले आवेदन करना अनिवार्य होगा। क्लास 6 से क्लास 8 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 31 मई तक चलेगी।

लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार, पहले एंट्रेंस एग्जाम के बाद भी सीटें खाली रह जाती थीं। उन पर किसी को मौका नहीं मिल पाता था। लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा। एक बार आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 2 जून तक मैरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। जिसे 9 जून को जारी किया जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 14 जून तक चलेगी। यदि किसी मॉडल स्कूल में पर्याप्त सुविधा और आधारभूत संरचना है, तो कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक कक्षा में अधिकतम 120 विद्यार्थियों को दाखिला दिया जा सकेगा।

### मॉडल स्कूलों में दाखिले के बदले नियम

राज्य के मॉडल स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लिए नए दाखिला नियम लागू किए गए हैं। कक्षा 9वीं में सबसे पहले उन छात्रों को प्रवेश मिलेगा जो ओपन स्कूल की प्रवेश परीक्षा से चयनित हुए हैं। यदि इसके बाद सीटें खाली रहती हैं, तो वेटिंग लिस्ट में शामिल छात्रों को बुलाया जाएगा। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं में उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा जिन्होंने उसी मॉडल स्कूल से पिछली कक्षा उत्तीर्ण की हो। जैसे - जो छात्र 9वीं में उस स्कूल में थे और पास हुए हैं, उन्हें 10वीं में सीधे दाखिला मिलेगा। यदि ऊपर बताए गए सभी विकल्पों के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं, तो स्कूल अपने स्तर पर विज्ञापन जारी करेंगे। उसमें यह बताया जाएगा कि किस कक्षा में कितनी सीटें रिक्त हैं, और फिर उन पर खुले आवेदन लेकर दाखिले दिए जाएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240